उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष–8 अंक–22)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 03 जुलाई ,2023



▶ रामादेवी आरओबी की स्लैब टूटी

▶ पत्नी के साथ नाजायज संबंध के शक में निशाचर बना पति!

▶ प्रभु प्रार्थना आध्यात्मिक औषधि

## न्यूज संक्षिप्त

### मैदानी इलाकों में आफत, पहाड़ों पर आया 'जलप्रलय'!

आधा हिंदुस्तान इस वक्त भारी बारिश की मार झेल रहा है. शहर-शहर बारिश से आफत मची हुई है. नदी-नाले उफान पर हैं तो कई जगह बारिश का पानी घरों में घुस आया है. एक तरीके से कहा जाए तो आधे हिंदुस्तान पर बारिश का आपातकाल लगा हुआ है. पूरे उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में बारिश का सितम जारी है. मॉनसून की बारिश कई शहरों में राहत कम आफत ज्यादा लेकर आई है. गुजरात के नवसारी में भारी बारिश के बाद अंडर पास में इतना पानी भरा कि कार डूब गई. कार सवार अंडरपास को पार करने की कोशिश कर रहे थे. अंडरपास में पानी भरा हुआ था. कार सवार पानी का अंदाजा नहीं लगा पाए और कार डूब गई. जिसके बाद फायर बिग्रेड ने स्थानीय लोगों की मदद से कार और उसमें सवार चार लोगों को बाहर निकाला।

### किशोर की मौत के बाद लगातार पांचवीं रात हिंसा जारी रही

फ्रांस में पुलिस की गोलीबारी से मारे जाने के बाद फैली हिंसा रविवार तड़के भी जारी रही और प्रदर्शनकारी युवाओं ने एक जलती हुई कार को मेयर के आवास से टकरा दिया। हालांकि, हिंसा के मामलों में अब थोड़ी कमी देखी जा रही है। पुलिस ने रविवार तड़के 719 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार रात को प्रदर्शन शुरू होने के बाद से अब तक पुलिस ने 3,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए 17 वर्षीय नाहेल को शनिवार को अंतिम विदाई दी गई। कब्रिस्तान में शवों को लाए जाने के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे खड़े थे। गौरतलब है कि मंगलवार को यातायात जांच के दौरान 17 वर्षीय नाहेल की मौत होने की घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

### नेपाल की मौजूदा गठबंधन सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने शनिवार को कहा कि देश की वर्तमान गठबंधन सरकार 'अनुकूलतम सहमति' के आधार पर अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। गौरतलब है कि 26 दिसंबर, 2022 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले प्रचंड फिलहाल नेपाल में 10 दलों की गठबंधन सरकार चला रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि काठमांडू से करीब 200 किलोमीटर दूर पोखरा में पत्रकारों से बातचीत में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-मध्य) (सीपीएन-एमसी) के 68 वर्षीय नेता ने कहा, "गठबंधन सरकार पांच साल चलेगी और हम अनुकूलतम सहमति बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।"प्रचंड का यह बयान इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि 1990 की दशक में देश में लोकतंत्र की स्थापना के बाद से अभी तक कोई सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी है।प्रचंड ने अपनी हालिया भारत यात्रा को ऐतिहासिक बताया और कहा, "सीमा मुद्दे को सुलझाने के संबंध में भारतीय प्रधानमंत्री की घोषणा महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे पहले भारत के किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा है।"गौरतलब है कि नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड के साथ पिछले महीने विस्तृत बातचीत के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ऐसे में जबकि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को हिमाचल की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते हैं।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर का दावा, सीएम केजरीवाल के पास दुबई में तीन फ्लैट

नई दिल्ली। कथित मनी लॉन्ड्रिंग और कई लोगों से जबरन वसूली के आरोपी ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन पर दुबई में तीन फ्लैट होने का आरोप लगाया है।

सुकेश चंद्रशेखर ने अपने पत्र में यह दावा किया है कि केजरीवाल ने ये फ्लैट कमीशन के पैसे से खरीदे हैं। सुकेश ने पत्र में लिखा हैं कि केजरीवाल जी, मुझे पता चला है कि आपने दुबई में अपने सहयोगी मनोज जैन से जुमेराह पाम्स में उन तीन अपार्टमेंटों को तत्काल बेचने के लिए कहा है।





जिसे 2020 में हैदराबाद में एक फार्मा ठेकेदार से प्राप्त कमीशन का उपयोग कर मेरे माध्यम से 65 मिलियन दिरहम की राशि में खरीदे गए थे। उन्होंने आगे लिखा, चूंकि आप सच नहीं बोलेंगे, मेरे और सत्येन्द्र जैन के बीच की तीन पेज की व्हाट्सएप चैट मैं जारी कर दूंगा, जिसमें दुबई में इन तीन अपार्टमेंटों की खरीद का लेनदेन दिखाया गया है।

उन्होंने लिखा मैं अगले सात दिनों के भीतर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और भ्रष्टाचार निरोधक सतर्कता को भी एक प्रति भेजूंगा। चन्द्रशेखर ने पत्र में कहा कि केजरीवाल और उनके सहयोगी जो अक्सर दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हैं, वही लोग उन्हें और उनके परिवार को धमकियां भेज रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल के एक करीबी ने उनकी मां को धमकी दी है। कहा, अगर मैं नहीं रुका तो मेरे खाने में जहर परोस दिया जाएगा। केजरीवाल जी, आप मुझ पर और मेरे परिवार पर जो दबाव डाल रहे हैं, उसका कड़ा जवाब मिलेगा। मत भूलिए कि आप जल?द ही तिहाड़ में पहुंच सकते हैं।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने ग्राम रक्षा बल के तीन स्वयंसेवकों की हत्या की



इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के खुजुमा ताबी गांव में रविवार तड़के आतंकवादियों ने गांव पर हमला कर दिया, जिसमें ग्राम रक्षा बल (वीडीएफ) के कम से कम तीन स्वयंसेवकों की मौत हो गई और पांच अन्य को गोली मार दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इम्फाल में अधिकारियों ने कहा कि वीडीएफ स्वयंसेवक मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रही जातीय हिंसा के मद्देनजर गांव की रखवाली कर रहे थे। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जब वे रात में गांव की रखवाली करने के बाद सुबह सो रहे थे।हमले में कम से कम पांच ग्रामीण घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। सुरक्षाकर्मी इलाकों में पहुंच गए हैं और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। ग्रामीण न्याय की मांग के साथ शवों को राजधानी इम्फाल लाने की योजना बना रहे हैं।मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने शनिवार को सभी समुदायों से शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में सरकार और सुरक्षा बलों की मदद करने का आग्रह किया था। राज्यपाल ने एक संदेश में कहा, मैं तहे दिल से आप सभी से, विशेषकर माताओं और बहनों से अपील करती हूं कि वे सड़कों पर सुरक्षा बलों से ना टकराएं। वे लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

### यूसीसी का मकसद किसी धर्म या जाति को निशाना बनाना नहीं है : मंत्री

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने रविवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को विकास से जोड़ते हुए कहा कि यूसीसी किसी धर्म या जाति को निशाना बनाने के लिए नहीं है। अंसारी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में समान नागरिक संहिता की जमकर पैरोकारी की और कहा कि मोदी सरकार पर मुसलमानों को पूरा भरोसा है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के इकलौते मुस्लिम मंत्री अंसारी ने यूसीसी को लेकर खासकर मुस्लिम समाज में व्याप्त आशंकाओं के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, समान नागरिक संहिता किसी धर्म या जाति को निशाना बनाने के लिए नही है।

## भारत-फ्रांस साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ का जश्न, बैस्टिल डे में शामिल होंगे मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के सम्माननीय अतिथि होंगे। हर साल 14 जुलाई को मनाया जाने वाला बैस्टिल दिवस फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस है। इस दिन को पेरिस के चैंप्स एलिसीज़ में एक विशेष सैन्य परेड द्वारा चिह्नित किया जाता है।इस यात्रा के बारे में 5 मई को, विदेश मंत्रालय ने एक घोषणा की जिसमें कहा गया कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने प्रधान मंत्री मोदी को निमंत्रण दिया। यह यात्रा रणनीतिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, वैज्ञानिक प्रगति, शैक्षणिक गतिविधियों और आर्थिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में महत्वाकांक्षी उद्देश्यों को स्थापित करके भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने का वादा करती है।भारत और फ्रांस इस वर्ष अपनी रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को चिह्नित करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी अपने फ्रांसीसी समकक्षों के साथ बैस्टिल डे परेड में भाग लेगी। भारत ने अब तक 35 से अधिक रणनीतिक साझेदारियों पर हस्ताक्षर किये हैं। लेकिन, जनवरी 1998 में भारत ने फ्रांस के साथ जिस रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए, वह भारत की पहली साझेदारी थी। कुछ महीने बाद, भारत ने पोखरण द्वितीय परमाणु परीक्षण किया।

## समान कानून लागू होने से मजबूत होगा देश, पर इसे थोपा नहीं जा सकता




लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूनिफार्म सिविल कोड का समर्थन करते हुए कहा है कि इससे देश कमजोर नहीं बल्कि मजबूत होगा। हालांकि इसे थोपा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि बसपा इसके विरुद्ध नहीं है लेकिन भाजपा व इनकी सरकार के लागू करने के तौर तरीके से भी उनकी पार्टी सहमत नहीं है। भाजपा को सलाह है कि इसमें सभी की धार्मिक परंपराओं व भावनाओं का ख्याल रखा जाए।

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को यूसीसी पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बयान जारी किया। कहा कि विशाल आबादी वाले भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी व बौद्ध आदि विभिन्न धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। इनके हर मामले में रहन-सहन, जीवन-शैली अलग अलग हैं। तौर तरीके व रिवाज अलग अलग हैं। इसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ यह बात भी सोचने वाली है कि यदि यहां सभी धर्मों के मानने वाले लोगों पर समान कानून लागू होता है तो इससे देश कमजोर नहीं, मजबूत होगा।

## तीस्ता : गुजरात हाईकोर्ट ने कहा तुरंत सरेंडर करें, सुप्रीम कोर्ट ने देर रात दी राहत

नयी दिल्ली/ अहमदाबाद। वर्ष 2002 के गोधराकांड के बाद हुए दंगों में 'निर्दोष लोगों' को फंसाने के लिए साक्ष्य गढ़ने से जुड़े एक मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की नियमित जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें तत्काल आत्मसमर्पण करने को कहा। इसके खिलाफ सीतलवाड़ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं, जहां देर रात तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई करते हुए गुजरात हाईकोर्ट के आदेश पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी। सीतलवाड़ को अंतरिम राहत देने पर दो न्यायाधीशों की अवकाश पीठ में मतभेद के बाद जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस



एएस बोपन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने कहा, 'सवाल यह है कि अगर हाईकोर्ट गिरफ्तारी से राहत प्रदान कर देता तो क्या आसमान गिर जाता।' गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस निर्झर देसाई की अदालत ने सीतलवाड़ की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि उनकी रिहाई से गलत संदेश जाएगा कि लोकतांत्रिक देश में सब कुछ उदारता होता है।

## शिंदे सरकार में शामिल हुए अजित पवार, उपमुख्यमंत्री पद की ली शपथ

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को एक और बड़ा भूचाल आया और तेजी से बदलते घटनाक्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तोड़कर अपने समर्थकों के साथ शिव सेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल हो गए। उन्होंने दोपहर बाद उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले पवार ने आज सुबह तीन दर्जन से अधिक अपने समर्थक राकांपा विधायकों की बैठक बुलाई जिसमें राजनीतिक भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा की गई।बैठक के तुरंत बाद, पवार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस को समर्थन पत्र सौंपने के लिए राज्यपाल रमेश बैस से मिलने के लिए राजभवन पहुंचे और कुछ ही देर बाद उन्होंने मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ एनसीपी के बड़े नेताओं में गिने जाने वाले



छगन भुजबल भी सरकार में शामिल हो गए हैं। उन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली है।इनके अलावा दिलीप राव वलसेपाटिल समेत एनसीपी के कुल 9 नेता आज मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। इनमें हसन मियांलाल मुशरिफ, धनंजय पंडितराव मुंडे, धर्माराव बाबा भगवंतरंव आत्राम, अदिति वरदा सुनीत तटकरे, संजय शंकुलता बाबूराव बनसोड़े और अनिल भाईदास पाटिल शामिल हैं। ये नेता अब एनडीए सरकार का हिस्सा बन गए हैं और प्रदेश की मौजूदा बीजेपी-शिव सेना (एकनाथ शिंदे गुट) को समर्थन दे रहे हैं। अजीत पवार अभी तक महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता महेश भारत तपासे ने स्पष्ट किया है कि अजीत पवार के शपथ ग्रहण को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) पार्टी का कोई आधिकारिक समर्थन नहीं है।

## उत्तर भारत के कैदियों को मिलेगी कालापानी की सजा

उत्तर भारत की जेलों में बंद 10-12 कुख्यात गैंगस्टरों को अंडमान निकोबार की कालापानी वाली जेल में शिफ्ट किया जा सकता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने ये मांग गृह मंत्रालय के सामने रखी है। इस मामले पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों की गृह मंत्रालय से विस्तार से चर्चा हो चुकी है।राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय को कहा है कि अंडमान जेल में कुछ शातिर, संवेदनशील कैदियों और गैंगस्टरों को शिफ्ट किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि अंडमान निकोबार में कैद की सजा को काफी सख्त और कठोर माना जाता है। पूराने समय में अंडमान निकोबार की इस जेल को काला पानी की सजा भी कहा जाता था, क्योंकि ये बेहद ही कठोर हुआ करती थी।

बता दें कि अंडमान निकोबार में जिन कैदियों को कैद किया जाता था, वो सजा काफी सख्त मानी जाती थी। वहीं सूत्रों का कहना है कि एनआईए ने दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की जेलों में बंद गैंगस्टरों को अंडमान की जेल में भेजना चाहती थी। यहां जेल में बंद रहकर कई गैंगस्टर क्राइम सिंडिकेट चला रहे है। ऐसे में एनआईए चाहती है कि इन सबी गैंगस्टरों का नेटवर्क ध्वस्त किया जाए और उनके काले कारनामों पर रोक लगाई जाए। यानी जेल से चल रहे सिंडिकेट कमजोर होंगे और बदमाशों के गुर्गों का मनोबल भी इससे कमजोर होगा।अंडमान की जेल के अलावा असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में भी कुछ गैंगस्टरों को भेजा जाएगा। इस जेल में वर्तमान में वारिस पंजाब दे प्रमुख अमृतपाल सिंह सजा काट रहा है जो पंजाब में कई बड़े मामलों का आरोपी है। इस मामले पर गृह मंत्रालय की तरफ से जानकारी मिली है कि शुरू में कुछ कुख्यात गैंगस्टरों को दक्षिण भारत की जेलों में ट्रांसफर किए जाने का प्रस्ताव एनआईए द्वारा पेश किया गया था। हालांकि ये लंबी प्रक्रिया है, क्योंकि इसके लिए राज्य सरकारों से अनुमति लेना आवश्यक है। वहीं अंडमान निकोबार केंद्र शासित प्रदेश है, जहां कुख्यात गैंगस्टरों को ट्रांसफर किए जाने के लिए इजाजत लेने की जरुरत नहीं होगी। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने गैंगस्टरों को ट्रांसफर करने के लिए गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था जिसमें 25 गैंगस्टरों को दक्षिण के राज्यों की जेलों में भेजे जाने का प्रस्ताव था। इस सूची में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी लॉरेंस बिश्नोई भी शामिल है।




## संपादकीय

### समानता पर रार

भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधन में प्रधानमंत्री द्वारा समान नागरिक संहिता की वकालत के बाद लगता है जैसे विवादों का 'भानुमति का पिटारा' खुल गया है। यूं तो समान नागरिक संहिता का मुद्दा भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहा है, लेकिन हाल ही में विधि आयोग द्वारा सार्वजनिक व मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों को अपनी आपत्ति दाखिल करने का मौका देने से यह फिर चर्चा में आया। यह आपत्ति जुलाई के मध्य तक प्रस्तुत की जानी है। निस्संदेह, इस मुद्दे को राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिये उछालने के आरोप विगत में भी लगते रहे हैं। कहा जाता है कि भाजपा इसे बहुसंख्यकों के ध्रुवीकरण के लिये प्रयोग करती रही है तो विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के लिये। निस्संदेह, जिस मध्यप्रदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने अपनी बात कही है, वहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। यहां तीन बार सत्ता में रही पार्टी की सरकार के प्रति एक वर्ग का मोहभंग होना स्वाभाविक है। ऐसे में जब विपक्षी दल चुनाव की दृष्टि से भाजपा पर समान नागरिक संहिता का मुद्दा उछालने के आरोप लगा रहे हैं तो इसकी तार्किकता की वजह है। बहरहाल, इस बयान के बाद तमाम राजनीतिक दलों में उबाल देखा जा रहा है। एक समुदाय के निजी कानूनों की वकालत करने वाले संगठन पर्सनल लॉ बोर्ड ने विधि आयोग के सामने अपनी आपत्ति दाखिल करने के प्रयास में तेजी ला दी है, बाकायदा बयान के बाद इसकी बैठक भी हुई है। यह भी अप्रत्याशित है कि तमाम राजनीतिक दलों के विरोध के बीच आम आदमी पार्टी ने समान नागरिक संहिता की केंद्र सरकार की पहल का समर्थन किया है। साथ ही कहा है कि सरकार को किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी हितधारकों से विमर्श करना चाहिए। पार्टी का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद चवालीस में वर्णित पक्षधरता का पार्टी सैद्धांतिक तौर पर समर्थन करती है। यह भी कि इस मुद्दे पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ा जाता है तो आप इसके पक्ष में राय रखेगी।वहीं दूसरी ओर इस मुद्दे पर कांग्रेस भी केंद्र सरकार पर हमलावर हुई है। पार्टी का मानना है कि जैसे प्रधानमंत्री एक परिवार में दो कानून होने की बात कर रहे हैं, वह समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन की सरल व्याख्या नहीं है। पार्टी की दलील है कि जहां परिवार को रक्त संबंध जोड़ते हैं,वहीं विविधता की संस्कृति वाले देश को संविधान जोड़ता है। भारत जैसे विविध संस्कृति वाले देश में इसका क्रियान्वयन एक बड़ी चुनौती है और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का अतिक्रमण है। पार्टी तथा अन्य राजनीतिक दलों का आरोप है कि भाजपा महंगाई,बेरोजगारी और हिंसक प्रतिरोध जैसे मामलों से ध्यान हटाने को नागरिक संहिता का मुद्दा उछाल रही है। पार्टी सवाल उठा रही है कि केंद्र सरकार दो पारी से सत्ता में आसीन है, तो यह मुद्दा कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा आम चुनाव आने से ठीक पहले क्यों उठाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, जैसे कि उम्मीद थी कि पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के समान नागरिक संहिता पर स्टैंड के खिलाफ अकाली दल प्रतिक्रिया देगा, वैसा ही हुआ।

# आर्थिक मुद्दे ज्यादा अहम रहे अमेरिका यात्रा में

**भारत के ध्यान का मुज़्य केंद्र अनेकानेक औद्योगिक और विज़ीय परियोजनाओं में अमेरिकी निवेश पाने पर टिका रहा। मस्क और पिचाई से मुलाकातें इसी सिलसिले में थीं। मस्क 237 बिलियन डॉलर संपज़ि के मालिक हैं। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलज़्धि भारत में सेमीकंडज़्टर उत्पादन इकाई बनाने की राह प्रशस्त होना है, जो कि आज की तारीख में लगभग हर मशीन और उत्पादन प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अमेरिकन कंपनी माइक्रोन टेज़्नोलॉजी इन्कॉर्पोरेशन अगले पांच सालों में 825 मिलियन डॉलर निवेश करेगी। इससे 20,000 लोगों को नौकरी मिल पाएगी और यह भारत के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगा।**



प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का आगाज़ भव्य समारोह से किया गया। शुरुआत न्यूयॉर्क से हुई, जहां उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से मनाए गए योग-दिवस आयोजन में भाग लिया और खुद भी योगासन किए। बता दें कि अमेरिका में योग करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वहीं साफ है कि मोदी इस पुरातन भारतीय विद्या की ओर अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचने के लिए दृढ़-संकल्प दिखे। योग इन दिनों भारत की सीमाओं से भी परे लोकप्रिय होता जा रहा है। इसके बाद वाशिंगटन पहुंचने पर प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत स्वयं राष्ट्रपति बाइडेन और उनकी पत्नी ने किया। इस दौरान अच्छी-खासी संख्या में भारतीय मूल के लोग भी दिखे। वाशिंगटन में रस्मी समारोहों के बाद वैश्विक एवं द्विपक्षीय मुद्दों सहित विस्तारित वार्ता चली। दोनों पक्षों ने अहम विषयों को तरजीह देने को सहमति जताई, जिससे भारत में आर्थिक विकास को नई गतिशीलता मिलेगी। अमेरिका के कई शीर्ष व्यवसायी भी प्रधानमंत्री से मिले, जिनमें स्पेस-एक्स और ट्विटर के मालिक इलॉन मस्क, गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई भी थे।

भारत के ध्यान का मुख्य केंद्र अनेकानेक औद्योगिक और वित्तीय परियोजनाओं में अमेरिकी निवेश पाने पर टिका रहा। मस्क और पिचाई से मुलाकातें इसी सिलसिले में थीं। मस्क 237 बिलियन डॉलर संपत्ति के मालिक हैं। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाई बनाने की राह प्रशस्त होना है, जो कि आज की तारीख में लगभग हर मशीन और उत्पादन प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अमेरिकन कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी इन्कॉर्पोरेशन अगले पांच सालों में 825 मिलियन डॉलर निवेश करेगी। इससे 20,000 लोगों को नौकरी मिल पाएगी और यह भारत के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगा। वहीं 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडक्टर बनाने के काम की सिखलाई देने पर पर भी सहमति बनी। अमेरिका के साथ विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहे सहयोग में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी से लेकर संचार माध्यम तक शामिल हैं।लगता है अमेरिका भारत के साथ रक्षा सहयोग में विस्तार करने को तत्पर है। तय किया गया कि अमेरिका भारत के हल्के लड़ाकू विमान के लिए जीई-414 इंजन देगा, जिसका निर्माण धीरे-धीरे भारत में किया जाएगा। इसके अलावा, एक बड़े सौदे में भारत को 31 एमक्यू 9 बी एडवांस हाई-आल्टीट्यूड ड्रोन बेचना मंजूर हुआ है, यह भारत की लंबी दूरी की टोही सक्षमता बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है, इन्हें भारत में पुर्जे जोड़कर बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे से भारत को चीन से दरपेश राजनयिक एवं रक्षा चुनौतियों का सामना मिलकर करने का माहौल अब बन चुका है। भारत लद्दाख के त्वांग सेक्टर में चीनी घुसपैठ और भारतीय प्रतिरोध के बाद चीनियों की वापसी वाले प्रसंग से उपजे तनावों को आसानी से नहीं भूल सकता। लंबी दूरी तक उड़ान भरने में सक्षम ड्रोनों से अब नज़र बनाने में सुविधा होगी और देश की थलीय और जलीय सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे ड्रोन होना जरूरी है।

यूक्रेन पर रूस की चढ़ाई और इसके लिए उसे एकतरफा दोषी न मानने वाले रुख पर भारत का कायम रहना अब अमेरिका को भी स्पष्टतः समझ आ चुका है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा यकीनी बनाने के लिए निर्मित क्वाड नामक गुट में निकट सहयोग करने पर गंभीरता से प्रतिबद्ध हैं। चीन सहित किसी को शक नहीं कि यह संगठन भारत के पूरबी पड़ोस में सुरक्षा और रक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। चीन द्वारा थलीय और जलीय सीमा संबंधी दावों को आधार बनाकर वियतनाम और फिलीपींस की थलीय एवं जलीय सीमाओं के अतिक्रमण का सामना करने को भारत ने उन्हें मारक ब्रह्मोस मिसाइलें प्रदान की हैं। इसके अलावा अमेरिका और भारत उस गुट के भी सदस्य बन गए हैं जिसके निर्माण का उद्देश्य तेल संपन्न फारस की खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बनाने में सहयोग को बढ़ावा देना है। हिंद महासागर के जलीय मार्गों में चीन की बढ़ती नौसैन्य उपस्थिति को लेकर बनी भारत और अमेरिका की चिंता एक-समान है। श्रीलंका के हम्बनतोता और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की बढ़ती मौजूदगी के अलावा अफ्रीका प्रायद्वीप के मुहाने पर स्थित दिजबाउती बंदरगाह के विकास कार्य में 590 मिलियन डॉलर के निवेश वाले चीनी सहयोग पर भारत-अमेरिका की खास नज़र है। खाड़ी क्षेत्र में शांति और स्थायित्व स्थापना के लिए भारत और अमेरिका ने इस्राइल एवं संयुक्त अरब अमीरात को साथ लेकर एक नया संघ बनाया है।प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसा पहला मौका है जब दोनों देशों ने दो टूक घोषणा करते हुए कहा कि वे वैश्विक आतंकवाद को रोकने और इसके सभी प्रकार के स्वरूपों और तौर-तरीकों की भर्त्सना करने में स्पष्ट रूप से 'एक साथ' खड़े हैं। संयुक्त घोषणापत्र में यह भी जिक्र है कि दोनों मुल्कों के नेता पाकिस्तान चालित सीमा-पारीय आतंकवाद की निंदा करते हैं। भारत और अमेरिका ने संयुक्त मांग में पाकिस्तान से कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में शामिल लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज़्ब-उल-मुजाहिद्दीन जैसे संगठनों पर कार्रवाई करे। पाकिस्तान से यह अपेक्षा भी की गई है कि वह अपनी भूमि का इस्तेमाल आतंकी हमलों के लिए न होने देना सुनिश्चित करे। अलबत्ता पाकिस्तान ने भारत-अमेरिका घोषणापत्र की आलोचना की है। उसके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बयान को 'अवांछनीय, एकतरफा और भ्रामक' ठहराया है और ऐतराज जताया है कि घोषणापत्र में पाकिस्तान का जिक्र 'राजनयिक उसूलों' के खिलाफ है।

भारत-अमेरिका संयुक्त घोषणापत्र में यह उल्लेख भी है कि भारत और अमेरिकी नेतृत्व सीमापारीय आतंकवाद चलाने और छद्मयुद्ध में आतंकियों के इस्तेमाल की कड़ी निंदा करता है। पाकिस्तान से कहा गया है कि वह त्वरित कार्रवाई करते हुए, अपनी भूमि का उपयोग आतंकी हमले की कोख बनने के लिए न होने दे। इससे पहले सऊदी अरब में एक अभूतपूर्व बैठक हुई है, जिसमें भारत और अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सऊदी अरब के राजनेता ने भाग लिया था। इस वार्ता को लेकर भारत ने चुप्पी साधे रखी है लेकिन संकेत दिया कि इसमें 'बुनियादी ढांचा बनाने के लिए क्षेत्रीय पहल' पर चर्चा हुई है। अलबत्ता व्हाइट हाउस ने दावा किया है कि यह बैठक भारत एवं बाकी दुनिया से जुड़े मध्य-पूरब क्षेत्र को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने की संयुक्त दूरदृष्टि में आगे विस्तार हेतु थी।प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा ने दोनों मुल्कों के आपसी संबंधों में नई तरजीहों और नए आयामों का आगाज किया है। भारत की नीतियों में आर्थिक आयाम अब बहुत अहम है, जिन क्षेत्रों में हम भविष्य में आर्थिक सहयोग चाहते हैं।

# भारत की गिरती शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों की विशेष भूमिका ..!

भारत में शिक्षा व्यवस्था केवल व्यवसाय बन कर रहा गया है । एक लाख वेतन पाने वाला शिक्षक छात्रों को पढ़ाने के बजाय अन्य गैर शैक्षणिक गतिविधियों में लिप्त मिलता है । कही शिक्षक राजनीति करते मिल जायेंगे तो कही धरना करते । कुछ जगह तो शिक्षक केवल बैठ कर वेतन लाभ ले रहे । बड़े बड़े विश्वविद्यालयों और कॉलेज में तो शिक्षक केवल फैकल्टी का शोभा बना हुआ है । प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक ऐसे शिक्षक भारत के शिक्षा व्यवस्था के लिए सिरदर्द बने हुए है । भारी वेतन के बाद भी ओपीएस को लेकर आक्रामक है और सरकार को वोट न देने की धमकी दे रहे है । उधर भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आईआईटी बॉम्बे ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। दुनिया भर की शैक्षिक संस्थाओं के लिए की जाने वाली क्वाक्वारेली साइमंड्स (क्यूएस) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी बॉम्बे को 150 शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में 149 वां स्थान हासिल हुआ है। भले हम पीछे से दूसरे स्थान पर आए हैं, लेकिन फिलहाल इसी में खुश हुआ जा सकता है कि भारत के किसी संस्थान को क्यू एस रैंकिंग में स्थान मिला है। वैश्विक उच्च शिक्षा में क्यू एस रैंकिंग को खास महत्व दिया जाता है, क्योंकि इस रैंकिंग से संस्थाओं की गुणवत्ता का अनुमान लगाकर छात्र और अभिभावक पढ़ाई के लिए इनका चयन करते हैं और बड़ी-बड़ी कंपनियां नियुक्तियों के लिए इन संस्थाओं का चयन करती हैं।आईआईटी बॉम्बे ने वैश्विक स्तर पर 149वीं रैंक हासिल करने के लिए 23 स्थान की बड़ी छलांग लगाई है। इससे आठ साल पहले भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर ने 2016 में 147वीं रैंकिंग के साथ यह उपलब्धि हासिल की थी। क्यूएस के शीर्ष 500 की रैंकिंग में इस साल पहली बार दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्ना विश्वविद्यालय ने भी जगह बनाई है। लेकिन भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर 155वें रैंक से 70 स्थान गिरकर 225वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी दिल्ली 174 से गिरकर 197 वें स्थान पर आ गया है। भारत



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**अभी जब आईआईटी बॉज़्बे की इस उपलज़्धि की खबर आई, तभी कोटा में मेडिकल परीक्षा की तैयारी करने वाले दो छात्रों की आत्महत्या की ख़बर भी सामने आई है। हर साल कई बच्चे पढ़ाई के तनाव में इसी तरह अपनी जान दे रहे हैं, तो यह भी विचारणीय है कि आखिर हम किस तरह की उच्च शिक्षा का माहौल बना रहे हैं और कैसे संस्थान बना रहे हैं।**

के लिए खुश होने वाली बात ये है कि भारत के 45 विश्वविद्यालयों को इस रैंकिंग में शामिल किया गया, जो दुनिया में सातवां सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है। भारत के अलावा एशिया से जापान के 52 और चीन के 71 विश्वविद्यालय रैंकिंग में लिए गए हैं। अमेरिका का मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) लगातार बारहवीं बार विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष पर है, इसके बाद यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर (एनयूएस) पिछले साल मिले 11वें स्थान से तीन स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 क्लब में शामिल होने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है।भारत का कोई भी विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान इनके आसपास भी नज़र नहीं आ रहा है। यानी विश्व गुरु होने या बनने का दावा इस एक रैंकिंग से ही खारिज हो जाता है। मगर फिर भी संतोषीजीव की तरह मोदी सरकार जो कुछ है, उसी में खुश होने या अपनी तारीफ़ करने के मौके तलाश रही है। भारतीय शिक्षा अब न केवल अच्छी है, बल्कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ में से एक है।कई विश्वविद्यालय, शोध संस्थान, मुक्त विश्वविद्यालय, कृषि, दुग्ध, वस्त्र उद्योगों को बेहतर बनाने के लिए इनके लिए समर्पित संस्थान सरकारों ने स्थापित किए। देश के लोग चाहते थे कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी नए भारत के आधुनिकीकरण और इसकी बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाए और इसी सोच के अनुरूप उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने और परवर्ती सरकारों ने काम किए। यानी आज देश में उच्च शिक्षा में जो उपलब्धियां हासिल हो रही हैं, उसमें मोदीजी को श्रेय देने से पहले ये देख लेना उचित होगा कि इन उपलब्धियों का रास्ता कहां से तैयार हुआ।राजीव चंद्रशेखर का यह बयान भी सही नहीं है कि अब कम भारतीयों को शिक्षा के लिए विदेश यात्रा करनी पड़ेगी। क्योंकि भारत सरकार की 'इंडियन स्टूडेंट्स मोबिलिटी रिपोर्ट 2018' के अनुसार, विदेश में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या साल 2000 में 66,000 से बढ़कर 2022 में 770,000 से अधिक हो गई। पढ़ाई के लिए बाहर जाने वाले छात्रों की संख्या में दो दशकों में यह बड़ा उछाल इस कड़वी सच्चाई को दिखाता है कि मौका मिलने पर छात्र बाहर पढ़ने जाने का विकल्प ही चुन रहे हैं। क्योंकि देश में उच्च गुणवत्ता वाले संस्थान उंगलियों पर गिने जाने लायक हैं और उनमें भी प्रवेश के लिए भयानक मारामारी मची हुई है। ए आई ट्रिपल ई, नीट और अब सीयूईटी जैसी परीक्षाओं में लाखों बच्चे बैठते हैं, जिनमें कुछ हजार को ही प्रवेश नसीब हो पाता है, क्योंकि संस्थाओं में सीटों की संख्या सीमित रहती है और अच्छी गुणवत्ता के सरकारी संस्थान कम खुल रहे हैं।देश में पढ़ने के बेहतर मौके न मिल पाने के कारण ही बच्चे बाहर का रुख करने पर मजबूर होते हैं। और कई बच्चे आर्थिक कठिनाइयों के कारण न बाहर जा पाते हैं, न देश में आगे पढ़ पाते हैं, तो वे अपना जीवन या तो कुंठा में गुजारते हैं या तनाव में आकर अपनी जान दे देते हैं।

## देशभक्ति फिल्म 'भारतीयंस' 14 जुलाई को रिलीज होगी



भारत अमेरिकन क्रिएशन्स के बैनर तले शंकर नायडू अदुसुमिल्ली द्वारा निर्मित देशभक्ति फिल्म 'भारतीयंस' 14 जुलाई को रिलीज होगी। यह फिल्म भारतीय शहीदों को एक साहसी श्रद्धांजलि स्वरूप देशभक्ति की भावनाओं से भरी एक पावर-पैक फिल्म है जिसमें प्यार, एक्शन और ड्रामा भी समाहित है। फ़िलवक्त आतंकवाद से निपटने में चीन की भूमिका और पाकिस्तान के साथ उसके तालमेल को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा, चीन द्वारा कश्मीर को भारत का हिस्सा मानने से इंकार करना और इसे विवादित क्षेत्र घोषित करना दोनों देशों के बीच तनाव ही पैदा करेगा।डॉ. शंकर की फिल्म 'भारतीयन्स' हिंदुस्तानी सेना के जवानों को सपोर्ट करती है और चीन की भयानक हरकतों का विरोध करती है। इसके अलावा, निर्माता ने कथित तौर पर विनाशकारी कोविड -19 महामारी की उत्पत्ति के लिए चीन को दोषी ठहराया है, जिसने दुनिया भर में लगभग 70 लाख लोगों की जान ले ली। जून 2020 में गलवान घाटी में 20 बहादुर सैनिकों की मौत पर निराशा व्यक्त करते हुए, डॉ. शंकर नायडू ने प्रत्येक नागरिक से एकजुट होने का आग्रह किया है। 'भारतीयंस' दीना राज द्वारा लिखित और निर्देशित है, और इसमें निरोज़ पुचा, सुभा रंजन, सोनम थेंडुप बरफुंगपा, समायरा संधू, पेडेन ओ नामग्याल और राजेश्वरी चक्रवर्ती प्रमुख भूमिकाओं में हैं।बता दें कि इस फिल्म के निर्माता डॉ. शंकर नायडू एक प्रसिद्ध सर्जन हैं, जो 30 वर्षों से अमेरिका में डॉक्टरी के पेशे से जुड़े हुए हैं, उन्होंने एक सर्जन के रूप में बहुत सारे कैंसर मरीजों को अपनी सेवा दी है और स्वास्थ्य लाभ दिया है और अब वो अपनी फिल्मों के माध्यम से भारत से राष्ट्र विरोधी तत्वों को दूर करना चाहते हैं।

प्रस्तुतिः काली दास पाण्डेय

# बराबरी के हक़ का वैश्विक आगाज़: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला



गोंदिया । वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से आम जनता पर नेतृत्व की श्रृंखला चली आ रही है हमने अपने बड़े बुजुर्गों से सुने और इतिहास में जरूर पढ़े होंगे कि हमारी पिछली अनेक पीढ़ियों पर राजा महाराजाओं ने नेतृत्व किया फिर भारत और कुछ मुल्कों पर अंग्रेजों ने शासन किया फ़िर 1947 से राजनीतिक नेतृत्व की श्रृंखला शुरू हुई, लोकतंत्र की स्थापना हुई, पार्टियों की संख्या में विस्तार हुआ, कंपटीशन बड़ाऔर यहां से शुरू हुआ वोट बैंक की राजनीति का सफ़र जो आज हम चरम सीमा पर देख रहे हैं कि सामाजिक, धार्मिक, जातीय वर्ग और समुदाय में विभाजित होता जा रहा है जिसे ध्रुवीकरण की संज्ञा दी जा रही है, यहां तक की शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य सहित अनेक क्षेत्रों में आरक्षण का मुद्दा छाया रहता है माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 50 फ़ीसदी की सीमा तय की है परंतु अनेक राज्यों ने इस सीमा को लांघ लिया है याने अध्यादेश या अधिसूचना जारी कर किसी ना किसी चतुराई से न्यायालय आदेशों को साइड कर दिया जाता है। हालांकि उन्हें यह अधिकार भी संविधान ने ही दिया है परंतु मेरा मानना है कि हर व्यक्ति की काबिलियत स्किलिंग और एक्सपीरियंस तथा गुणवत्ता को प्राथमिकता देना चाहिए नकि रंगभेद जात पात या धार्मिक परिपेक्ष का से लेना चाहिए बल्कि सभी नागरिकों को बराबरी का हक़ दिया जाना जायज है, हम इससे चार कदम आगे बढ़े तो कानून की स्थिति में सामाजिक धार्मिक और जातीय परंपराओं को छोड़कर सभी के लिए समानता से लागू होना चाहिए जैसे यूनिफॉर्म सिविल कोड के मुद्देका आजपूरे भारत में आगाज हो रहा है। हालांकि अभी ड्राफ्ट भी नहीं आया है परंतु बैठकें, डिबेट, बयानबाजी अपनी चरम सीमा पर है। इस बीच दिनांक 29 जून 2023 को इसी जात पात रंगभेद पर अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट का एक ऐतिहासिक फैसला आया कि नस्ल के आधार पर शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है जिससे पूरे विश्व में सभी नागरिकों को बराबरी का हक़ मिलने का वैश्विक आगाज़ हुआ है, जो पूरी दुनियां के लिए एक मिसाल कायमकरेगा जिसका अर्थ हम यूसीसी को सख्ती से लागू करने और हर क्षेत्र के आरक्षण को समाप्त करने से भी लगा सकते हैं। हालांकि हर देश में इसकी एक संवैधानिक प्रक्रिया होती है जिसकी ओर दुनियां को कदम बढ़ाने का समय आ गया है जिसे रेखांकित करना ज़रूरी है चूंकि अमेरिकन सुप्रीम कोर्ट का फैसला आज दुनियां के लिए रोडमैप रोल मॉडल बन गया है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सभी नागरिकों को बराबरी के हक़ का वैश्विक आगाज़ ।साथियों बात अगर हम दिनांक 29 जून 2023 केअमेरिकन सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले की करें तो,गुरुवार को यूनिवर्सिटी एडमिशन में रेस यानी नस्ल और जाति के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में 9 जजों की बेंचने ये फैसला सुनाया ।अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकियों (ब्लैक) और अल्पसंख्यकों को कॉलेज एडमिशन में रिजर्वेशन देने का नियम है। इसे अफर्मेटिव एक्शन यानी सकारात्मक पक्षपात कहा जाता है ।सुप्रीम कोर्ट एक्टिविस्ट ग्रुप स्टूडेंट्स फॉर फेयरएडमिशंस की पिटीशन पर सुनवाई कर रहा था। इस ग्रुप ने हायर एजुकेशन के सबसे पुराने प्राइवेट और सरकारी संस्थानों और खास तौर पर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी और उत्तरी कैरोलिना यूनिवर्सिटी की एडमिशन पॉलिसी के खिलाफ 2 याचिकाएं लगाई थीं। उन्होंने तर्क दिया था कि ये पॉलिसी व्हाइट और एशियन अमेरिकन लोगों के साथ भेदभाव है। चीफ जस्टिस बोले- रंग नहीं बल्कि स्किल्स एक्सपीरिएंस से काबिलियत साबित होती है। चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने फैसला सुनाते हुए कहा-लंबे वक्तसे कईयूनिवर्सिटीज ने ये गलत धारणा बना रखी थी कि किसी व्यक्ति की काबिलियत उसके सामने आने वालीचुनौतियां उसकी स्किल्स, एक्सपीरिएंस नहीं बल्कि उसकी त्वचा का रंग है ।हावर्ड यूनिवर्सिटी कीएडमिशन पॉलिसी इस सोच पर टिकी है कि एक ब्लैक स्टूडेंट में कुछ ऐसी काबिलियत है जो व्हाइट स्टूडेंट्स में नहीं है। सीजे ने कहा- इस तरह की पॉलिसी बेतुकी और संविधान के खिलाफ है। विश्वविद्यालयों के अपने नियम हो सकते हैं लेकिन इससे उन्हें नस्ल के आधार पर भेदभाव का लाइसेंस नहीं मिल सकता। जस्टिस रॉबर्ट्स ने कहा कि जिन जजों ने इस फैसले पर असहमति जताई है वो कानून के उस हिस्से को अनदेखा कर रहे हैं, जिसे वो नापसंद करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा- अफर्मेटिव एक्शन अमेरिका के संविधान के खिलाफ है जो सभी नागरिकों को बराबरी का हक देता है। अगर यूनिवर्सिटी में एडमिशन कुछ वर्ग के लोगों को फायदा दिया जाएगा तो ये बाकियों के साथ भेदभाव होगा, जो उनके अधिकारों के खिलाफ है। अमेरिका में अफर्मेटिव एक्शन 1960एस में लागू किया गया था। इसका मकसद देश में डायवर्सिटी को बढ़ावा देना और ब्लैक कम्युनिटी के लोगों के साथ भेदभाव को कम करना था। सुप्रीम कोर्ट अमेरिका की यूनिवर्सिटीज में इस पॉलिसी का दो बार समर्थन कर चुका है। पिछली बार ऐसा 2016 में हुआ था। हालांकि, अमेरिका की 9 स्टेट्स पहले ही नस्ल के आधार पर कॉलेजों में एडमिशन पर रोक लगा चुकी हैं। इनमें एरिजोना, कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा, जॉर्जिया ओकलाहोमा, न्यू हैम्पशायर, मिशिगन, नेब्रास्का और वॉशिंगटन शामिल हैं। नस्ल के आधार पर एडमिशन देने की नीति पहली बार 1960 के दशक में अस्तित्व में आई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्टूडेंट्स फार फेयर एडमिशन का पक्ष लिया, जो इसका मुखर आलोचक रहा है। रूढ़िवादी कार्यकर्ता एडवर्ड ब्लम ने इसका गठन किया था। नार्थ कैरोलिना मामले में वोट 6-3, जबकि हार्वर्ड मामले में 6-2 था।

किशन सनमुखदास भावनानी

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सज़्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नज़्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नज़्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिज़्मेदार होंगे।

- सज़्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ज़्लाक स्तर पर ज़्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सज़्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com



**फीचर फोटो : बकरीद के मौके पर अधिकारियों व पुलिस दल का पैदल गस्त मछरिया क्षेत्र में**

कानपुर। नौबस्ता थाना क्षेत्र के अंर्तगत मछरिया क्षेत्र में बकरीद के मौके पर पुलिस दल व अधिकारियों का पैदल गस्त हुआ। जिसमें क्षेत्र का जायजा लेते हुए मछरिया ईदगाह एवं जामा मस्जिद का पुलिस आयुक्त अंकिता शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता जगदीश पांडेय ने भ्रमण किया ।

# सॉल्वरों का प्रयागराज व बिहार से कनेज़्शन की जांच करेगी पुलिस, काकादेव कोचिंग मंडी राडार पर

कानपुर। कानपुर में यूपीएसएसएससी की ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक की परीक्षाओं के दौरान पकड़े गए सॉल्वरों के तार दिल्ली की मुखर्जी नगर कोचिंग मंडी से जुड़ रहे हैं। पुलिस की जांच में इस बात के संकेत मिले हैं कि सॉल्वर गिरोह मुखर्जी नगर में बैठा है।वहीं से प्रयागराज की कोचिंग मंडी से ग्राहक तय करता था और फिर दिल्ली व प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बिहार के युवाओं को परीक्षा देने के लिए भेजता था। पुलिस अब दिल्ली, प्रयागराज और बिहार के इस त्रिकोणीय नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। बता दे कि, कानपुर में एसटीएफ और कमिश्नरी पुलिस ने यूपीएसएसएससी की परीक्षा के दूसरे दिन भी 10 सॉल्वर और नकलचियों को गिरफ्तार किया है। दो दिन में 28 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।साथ ही बड़ी संख्या में कानपुर में सॉल्वर पकड़े जाने के बाद उनके कानपुर की काकादेव कोचिंग मंडी से कनेक्ट ढूंढ रही है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहले हुई कई परीक्षाओं में एसटीएफ ने जितनी बार सॉल्वरों को पकड़ा, उनका कहीं न कहीं काकादेव कोचिंग मंडी से कनेक्शन रहा है।

**बिहार के थे ज्यादातर सॉल्वर**–दरअसल, दो दिन की परीक्षा के दौरान पकड़े गए ज्यादातर सॉल्वरों का प्रयागराज या बिहार से कहीं न कहीं कनेक्शन मिला है। हालांकि सॉल्वर सीधे तौर पर किसी भी अभ्यर्थी को नहीं जानते थे। हालांकि जांच में यह बात जरूर सामने आई है कि परीक्षा देने पहुंचे ज्यादातर सॉल्वर बिहार के थे।

**बड़े गिरोह का नेटवर्क के मिले संकेत** –साथ ही, उनका कोई न कोई संपर्क दिल्ली में मुखर्जी नगर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं से था। पुलिस भी इस बात इत्तेफाक रखती है कि वहां के ही साथियों की मदद से सॉल्वर बड़े गिरोह के नेटवर्क में शामिल हुए हों। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए जांच बढ़ाई जा रही है।

**दिल्ली का माफिया, प्रयागराज के ग्राहक**– पकड़े गए सॉल्वरों की जांच में पता चला है कि दिल्ली में बैठे सॉल्वर गिरोह के सदस्य एजेंटों के जरिये परीक्षार्थियों और सॉल्वरों के बीच माध्यम बन पास कराने का ठेका लेता और सॉल्वरों को परीक्षा के लिए आने–जाने और संबंधित शहर में रुकने की व्यवस्था करता।

# वातानुकूलित मोबाइल नेत्र चिकित्सा वैन का महापौर ने किया शुभारम्भ



कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय ने उच्चतम आधुनिक तकनीक से सुसज्जित वातानुकूलित मोबाइल नेत्र चिकित्सा वैन (साइट आन व्हील्स) का शुभारम्भ किया गया। कनिका हास्पिटल प्रा0 लि0 डायरेक्टर के डॉ. शरद बाजपेयी ने बताया कि देश में आजादी के 75 वर्ष बाद भी जनसख्या का एक बड़ा हिस्सा नेत्र रोगों से आज भी ग्रसित है। इन नेत्र रोगों के कारण कई बार लोगों की जीवन पर्यन्त नेत्र की रोशनी चली जाती है। साइटसेवर इण्डिया ने कनिका हास्पिटल के सहयोग से बेस अस्पताल में समस्या ग्रस्त लोगों की सम्पूर्ण जाँच करते हुये आवश्यक आपरेशन अथवा दवा आदि योग्य चिकित्सकों के द्वारा अत्यन्त ही रियायती दरों पर प्रदान की जायेगी।

## पीछे से आ रही थार ने आगे से घुमाकर कार में मारी जोरदार टक्कर

घाटमपुर। निर्माणाधीन नयवेली पावर प्लांट के सी आई एस एफ फायर का जवान अशोक कुमार निवासी गांव कवई छुट्टी जिला भरतपुर राजस्थान छुट्टी लेकर किराए की कार से कानपुर रेलवे स्टेशन शाम 7बजे की ट्रेन के लिए जा रहे थे तभी जैसे सजेती थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव पहुंचे तभी पीछे आई काले रंग की कार आगे से घुमाकर कार में जोरदार टक्कर मारते हुए सीधा हमीरपुर की ओर फरार हो गया, कार चालक सी आई एस एफ जवान बाल– बाल बचे, थार की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर खाई में जा रुकी, घटना के समय जवान अशोक कुमार पीछे सीट में रहा था जिन्हें मामूली चोट है, कार चालक विपिन पुत्र संतलाल निवासी गांव रामपुर जख्मी हो गया है। जिसका इलाज प्राईवेट में चल रहा है।टोल पेट्रोलिंग की सूचना पर पहुंची टोल एंबुलेंस ने अशोक कुमार के कहने पर नयवेली प्लांट में ही छोड़ दिया है। एस ओ सजेती राजेश कुमार ने बताया की सूचना मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायगी।

# डीएम ने कानपुर शहर में प्रवेश करने वाले चौराहे को सौन्दर्यीकरण हेतु प्राधिकरण को किया निर्देशित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा कानपुर नगर के प्रवेश मार्गो के सौन्दर्यीकरण हेतु कालपी रोड, पनकी आदि क्षेत्रों का नगर आयुक्त, शिवशरणप्पा जी0एन0, एन0एच0ए0 आई0, कानपुर स्मार्ट सिटी एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तथा अटल घाट के सामने कानपुर विकास प्राधिकरण के वित्त पोषण से सिंचाई विभाग द्वारा चौड़ी करायी जा रही सड़क व बॉटेनिकल गार्डेन का भ्रमण किया गया।कानपुर नगर के प्रवेश मार्गो के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में कालपी रोड, पनकी आदि क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिये गये । झांसी–इटावा मार्ग से कानपुर नगर की ओर आने वाले प्रवेश मार्ग पर समुचित साइनेज बोर्ड लगाये जाने हेतु एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कालपी रोड से सेल की ओर से कानपुर शहर में प्रवेश करने वाले चौराहें को टेक–अप कर उसके सौन्दर्यीकरण हेतु प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा चौराहें को पनकी धाम की थीम विकसित कर सौन्दर्यीकरण कराने हेतु के0डी0ए0 को एवं चौराहें के चौड़ीकरण हेतु एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिये गये कि प्रवेश–निकास प्वाइन्ट पर समुचित होनी चाहिए एवं चौराहें पर अनावश्यक लगे हुये होर्डिंग्स बैनर को हटाते हुये इसे ट्रैफिक आई–लैण्ड की तरह विकसित करें। चौराहे से कानपुर की तरफ आने वाली रोड के चौड़ीकरण एवं का प्रस्ताव तैयार किये जाने हेतु पी0डब्लू0डी0 के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौराहें के किनारे गड्ढे को तालाब एवं पाथवे के रूप में विकसित कर इसके सौन्दर्यीकरण हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया। सड़क के किनारे मिले अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने एवं सड़क के किनारे पार्किंग की जगह चिन्हित करने एवं सार्वजनिक शौचालयें इत्यादि का निर्माण कराये जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया।उपरोक्त कार्यो हेतु नगर निगम, के0डी0ए0, एन0एच0ए0आई0, केस्को, पी0डब्लू0डी0 विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर सौन्दर्यीकरण हेतु कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत किये जाने के दिये गये निर्देश।उपाध्यक्ष द्वारा पनकी मन्दिर की तरफ जाने वाले प्रवेश मार्ग के चौराहें को समुचित आई–लैण्ड की तरह विकसित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मार्ग में आने वाले बिजली के खम्बों को शिफ्ट किये जाने हेतु केस्को एवं चौराहें पर अनावश्यक होडिंग्स बैनर आदि को हटाये जाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया गया।उक्त चौराहें को पनकी धाम के थीम पर विकसित किए जाने हेतु के0डी0ए0 टेक–अप करे एवं इसका फोकस लाईट, ग्रीनरी इत्यादि पर रखते हुये सौन्दर्यीकरण कर विकसित करे।



## 300 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन पकड़ी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। नगर निगम के प्रवर्तन दल के सूबेदार वीरेंद्र स्वरुप के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने पराग दूध फैक्ट्री के पास 300 किलो प्रतिबंधित कैरीबैग ले जाते हुए एक ई रिक्शा पकड़ा। यह माल घंटाघर ले जाया जा रहा था। पूरा माल जब्त कर पनकी कूड़ा प्लांट निस्तारण हेतु भिजवा दिया गया। माल मालिक से पचास हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

# जिलाधिकारी ने सड़क एवं बॉटेनिकल गार्डेन के भ्रमण के दौरान दिए निर्देश

कानपुर। अटल घाट के सामने प्राधिकरण के वित्त पोषण से सिंचाई विभाग द्वारा चौड़ी करायी जा रही सड़क एवं बॉटेनिकल गार्डेन के भ्रमण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा अटल घाट के समीप गंगा बैराज की ओर जाने वाले मार्ग का भ्रमण एवं वहां हो रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध रूप से पूर्ण कराये जाने हेतु सिचांई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सड़क के किनारे लगे हुये जाली/ग्रील की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सड़क के किनारे रिफलेक्टीव प्वान्ट लगाये जाने एवं लीनियर एल0ई0डी0 स्ट्रीप लाईट लगाये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये।जिलाधिकारी द्वारा निर्मित किये जा रहे मार्ग पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था किये जाने के भी निर्देश दिये गये, जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा न हो।जिलाधिकारी द्वारा हो रहे निर्माण कार्य को मानसून के प्रभावी होने के पूर्व ही 15 दिवसों में पूर्ण कराये जाने के दिये गये निर्देश।जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के अगले चरण में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गंगा बैराज के समीप निर्माणाधीन बॉटेनिकल गार्डेन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गयी।जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्य हेतु कान्ट्रैक्चुअल लायबिलिटी का परीक्षण कर उसके अनुरूप निर्माणाधीन कन्सट्रक्शन वर्क को पूर्ण कराये जाने हेतु यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये अवशेष एरिया को आम–जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत पार्क के रूप में विकसित किये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये।

## रेल पटरी पर मिला युवक का रक्तरंजित शव

कानपुर देहात। दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर रूरा थाना क्षेत्र के असैनी गांव के पास बुधवार सुबह रेल पटरी किनारे युवक का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस की छानबीन में उसके पास से आधार कार्ड व मोबाइल नंबर मिला। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। मैथा व रूरा स्टेशन के बीच असैनी गांव के सामने अप रेल लाइन पर एक युवक का रक्तरंजित शव पड़ा मिला।

# अनियंत्रित ट्रक ने दो दुकानदारों को रौंदा एक की मौत

कानपुर। कानपुर के सचेंडी थानाक्षेत्र में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने हाईवे किनारे ठेला लगाए दो दुकानदारों को रौंद दिया। हादसे में एक दुकानदार की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया। जहां हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि मूलरूप से जिला हमीरपुर के थाना कोतवाली के कजियाना मोहल्ले के रहने वाले धर्मवीर कुछ वर्षों से परिवार के साथ सचेंडी के चकरपुर में ही रह रहे थे। छोटे भाई राजवीर ने बताया कि वह खाने पीने का सीजनल व्यापार करते थे। बताया कि वह अपने एक साथी इंद्रजीत निवासी कटरी मूसानगर के साथ आम का हाईवे पर ठेला लगाए हुए थे।

# संचारी रोगों से कोई भी मृत्यु जनपद में न हो: डीएम नेहा जैन



कानपुर। कानपुर देहात में 1 जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत हो गयी है।कार्यक्रम को जिले में सफल बनाने हेतु डीएम नेहा जैन ने जूम के माध्यम से सभी अधिकारियों, नगर पंचायतों व नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों से उनकी विस्तृत कार्ययोजना को जाना।इस दौरान डीएम ने कहा कि सभी नगर निकायों के अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी और जनपद स्तरीय अधिकारी इस बात को सुनिश्चित कर ले कि सही मात्रा में दवाओं का छिड़काव हो। नियमित छिड़काव हो और उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित कर ले जो संचारी रोगों के दृष्टि से अति संवेदनशील है। इस काम में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो और संचारी रोगों से कोई भी मृत्यु जनपद में नही होनी चाहिए अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। डीएम नेहा जैन ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि डेंगी की जांच हेतु एलाइजा मशीन की उपलब्धता जनपद को शीघ्र करायें। जिससे जनपद के निवासियों को डेंगी की जांच हेतु जनपद से बाहर न जाना पड़े। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से भी अपील की, कि सभी नागरिक एक स्थान पर पानी एकत्र न होने दे। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, फागिंग अवश्य करते रहें, साथ ही उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचने के लिए एक मात्र उपाय है कि जन जागरूकता फैलाया जाये, क्योकि जागरूकता ही बचाव का सर्वोत्तम तरीका है।



# धरमपुर बम्बा का माइनर फटा फसल जलमग्न, पंचायत सचिवालय सहित घरों में घुसा पानी

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर । साढ़ थाना क्षेत्र के सिरोह गांव निवासी अभय सिंह, नीरज, सतीश, राजेंद्र, अमित, अनुज, अभिनव, सुनील आदि ग्रामीणों ने बताया कि सिरोह गांव के किनारे से निकले धरमपुर बम्बा का माइनर अचानक फट गया। माइनर फटने से गांव के किनारे बने सिरोह ग्राम पंचायत सचिवालय समेत गांव में बम्बा का पानी घुस गया। बम्बा के पानी से कई बीघा फसल जलमग्न हो गई। ग्रामीणों ने माइनर में पानी की टंकी लगाकर और बोरियों में मिट्टी भरकर रख पानी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन पानी को नहीं रोक सके। ग्रामीणों ने फोन करके नहर विभाग अधिकारियों को माइनर फटने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौक़े पर पहुंचे नहर विभाग के अधिकारियो ने जेसेबी की मदद से माइनर को सही कराया है। नहर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिली है टीम को भेजकर माइनर को सही कराया गया है। सिरोह गांव निवासी रामकुमार, विनोद, रामस्वरूप, आदि ग्रामीणों ने बताया की बीते दो वर्ष से इसी जगह पर पांचवी बार माइनर फट चुका है। हालांकि जब भी बम्बा मे पानी ओवर फ्लो होता है तब इसी जगह से माइनर फट जाता है, और हम लोगों के घरों मे बम्बा का पानी भर जाता है। जब भी बम्बा का माइनर फटता है, उसे मिट्टी डालकर बंद कर दिया जाता है। और हालत ज्यो के त्यों बनी रहती है।

# चेतावनी के बाद भी गंगा में बोटिंग, सिंचाई विभाग ने बोट क्लब को थमाया नोटिस

कानपुर। बारिश के मौसम में गंगा और सभी अन्य नदियों में मछली पकड़ने से लेकर बोटिंग करने तक की रोक लगा दी जाती है। ये रोक 15 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए लगाई जाती है। लेकिन बावजूद इसके कानपुर बोट क्लब में गंगा पर बोटिंग का संचालन किया जा रहा है। जबकि सिंचाई विभाग के मुताबिक 1 हफ्ते पहले ही संचालनकर्ता को बोटिंग न करने को लेकर चेतावनी दे दी गई है।बुधवार दोपहर को तेज हवाओं के बाद हुई बारिश के चलते गंगा में ऊंची लहरें उठने लगी थीं। हालांकि इस दौरान बोटिंग बंद कर दी गई थी। लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी बोटिंग क्लब में धड़ल्ले से नावों का संचालन किया जा रहा है। ये इसलिए भी खतरनाक हो सकता है कि लोग मौसम सुहाना होने के साथ ही बड़ी संख्या में बोट क्लब पहुंचने लगते हैं।

**3 फीट तक बढ़ सकता है जलस्तर**

मामले में बैराज इकाई के एक्सईएन पंकज गौतम ने बताया कि 1 हफ्ते पहले संचालन करने को लेकर चेतावनी पत्र दिया गया है। वहीं गंगा में बीते 48 घंटे से लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है। सिंचाई विभाग के मुताबिक नरौरा और हरिद्वार से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। जो कल तक कानपुर पहुंच सकता है। इसके आते ही करीब 3 फीट तक जलस्तर बढ़ सकता है। बता दें कि नरौरा से छोड़ा गया पानी तीसरे दिन कानपुर बैराज तक पहुंच जाता है। सिंचाई विभाग के मुताबिक पहाड़ों में हो रही मूसलाधार बारिश के बाद नरौरा और हरिद्वार से बीते 48 घंटों में लगातार बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। बीते 48 घंटे की बात करें तो दोनों ही जगहों से कुल 1 लाख 51 हजार क्यूसेक पानी कानपुर की तरफ छोड़ा गया है। इससे कानपुर में भी जलस्तर तेजी से बढ़ना शुरू होगा।

# तिल की वैज्ञानिक खेती कर अधिक लाभ ने किसान : डॉ महक

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर महक सिंह ने बताया कि खरीफ मौसम में तिलहनी फसलों के अंतर्गत तिल की खेती का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होने बताया कि तिल की बुवाई का सर्वोत्तम समय जून के अंतिम सप्ताह से जुलाई के दूसरे पखवाड़े तक करते हैं। डॉक्टर महक सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तिल का क्षेत्रफल 4,17,4 35 हेक्टेयर तथा उत्पादन 99 767 मीट्रिक टन है डॉ सिंह ने बताया कि पूरे देश में (राष्ट्रीय स्तर) पर तिल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश की भागीदारी 25त्न है। तिल के तेल के महत्व के बारे में डॉक्टर सिंह ने बताया कि तिल में मौजूद लवण जैसे कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, जिंक और सेलेनियम आदि मानव के दिल की मांसपेशियों को सक्रिय रखने में मदद करते हैं। उन्होंने बताया कि तिल में डाइटरी प्रोटीन और एमिनो एसिड मौजूद होते हैं जो बच्चों की हड्डियों के विकास को बढ़ावा देते हैं। तथा इसके तेल से त्वचा को जरूरी पोषण मिलता है। डॉक्टर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तिल की खेती हेतु नवीनतम प्रजातियां जैसे सावित्री, गुजरात तिल 10, गुजरात तिल 20, टाइप 78, शेखर, प्रगति, तरुण, आरटी 351 एवं आरटी 346 प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि तिल का 3 से 4 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है। तथा तिल की बुवाई हेतु ऐसे खेत का चयन करना चाहिए जहां पर पानी का जलभराव न हो ।उन्होंने बताया कि जुलाई के द्वितीय पखवारे तक तिल की बुवाई हो जाने से उत्पादन अच्छा होता है। तथा तिल की बुवाई करते समय पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 सेंटीमीटर एवं पौधे से पौधे की दूरी 10 सेंटीमीटर तथा बीज की गहराई 3 से 4 सेंटीमीटर पर अवश्य रखें। उन्होंने बताया कि यदि किसान भाई तिल की बुवाई करते समय फोरेट 10 जी, 15 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से दवा का प्रयोग करते हैं तो तिल में फैलोडी रोग की संभावना कम रहती है ।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ खलील खान ने बताया कि तिल की फसल हेतु 60 किलोग्राम नत्रजन, 46 किलोग्राम फास्फोरस, 30 किलोग्राम पोटाश एवं 25 किलोग्राम गंधक (सल्फर) प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करने से किसान भाइयों को मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ होता है।

## सीएमओ की सख्ती से सुधरने लगी सीएचसी–पीएचसी की तस्वीर

कानपुर। स्वास्थ्य विभाग में आम जनमानस को बेहतर उपचार दिये जाने के लिये सीएमओ स्तर पर किये जा रहे प्रयासों का असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। जिस ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचते थे अब डॉक्टर वहीं स्टे करने को मजबूर है। अब पूरा फोकस इलाज को और बेहतर करने पर है। साथ सीएमओ ने साफ तौर पर निर्देश जारी कर दिया कि डयूटी डॉक्टर अगर सीएचसी–पीएचसी छोड़ कर घर में आराम करते मिले तो सीधे कड़ी कार्रवाई होगी। बता दे कि सीएमओ आलोक रंजन ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही कल्याणपुर, बिठूर, चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर, ककवन, घाटमपुर, महाराजपुर, सजेती, समेत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लगातार निरीक्षण कर रहे है। सूत्रों की माने तो शुरूआती दौर में सामने आया कि ज्यादातर डॉक्टर दूरी होने के चलते दोपहर बाद अस्पताल पहुंचते थे वहीं नाइट डयूटी में स्टाफ नर्सो के सहारे अस्पताल चल रहे थे। सीएमओ ने ऐसे सरकारी अस्पतालों को चिन्हित करके पेंच कसने शुरू किये जिसका असर भी दिखने लगा है।



## कुलपति ने परीक्षा संचालन तथा व्यवस्था का लिया जायजा

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बुधवार को प्रथम पाली 10ः00 से 1ः00 बजे तक की परीक्षा के दौरान परीक्षा भवन में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने परीक्षा संचालन तथा व्यवस्था का जायजा लिया ।इस दौरान परीक्षा शांतिपूर्वक एवं नियमों के अंतर्गत आयोजित होती पाई गई। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय से परीक्षा संबंधी प्रकरण पर विस्तार से चर्चा भी की ।परीक्षा की प्रथम पाली में बीएससी फॉरेस्ट्री आठवें सेमेस्टर तथा एमएससी कृषि चौथे सेमेस्टर के कुल 71 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# कानपुर–सागर राष्ट्रीय राज्यमार्ग बना खूनी हाइवे

## आय दिन होते सड़क हादसे,नौबस्ता से हमीरपुर तक 26 ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन , 6 माह मे 148 हादसे, 95 लोगों की गंवाई जान 121 घायल

**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर । कानपुर–सागर हाइवे पर छ माह में 148 सड़क हादसों में बहुत लोगों के परिवार बीरान हो चुके है। हालाकि इस हाइवे पर क्षमता से दस गुना ज्यादा वाहनों का दबाव है। हाइवे पर पुलिस ने 26 जगहों को ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया है। पुलिस के मुताबिक इस वर्ष से सड़क हादसों में कमी देखी गई है, वहीं हाइवे पर डिवाइडर न होने से आए दिन होने वाले हादसों की वजह बन चुका है हाइवे पर दोनों ओर नाले बना होना हादसों की वजह बन रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जानता को भुगतना पड़ रहा है।



कानपुर–सागर राष्ट्रीय राज्यमार्ग को खूनी राज्यमार्ग कहा जा रहा है। यहां हाइवे पर आए दिन सड़क हादसे होते है। लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। कुछ तो अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे है। यहां नौबस्ता से लेकर यमुना ब्रिज तक बिधनू, घाटमपुर, सजेती, तीन थाना क्षेत्र में पड़ते है। तीनों थाना क्षेत्रों में बीते छ माह मे 148 सड़क हादसे हुए है। जिसमें 95 लोगों की मौत हुई थी। 121 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कुछ दिव्यांग हो गए है। कुछ घायल अवस्था मे जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल मे जूझ रहे है।

पुलिस ने हाईवे पर 26 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए हैं। घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नौबस्ता से लेकर यमुना ब्रिज तक हाइवे पर 26 जगहों को ब्लैक स्पॉट चिन्हित किया गया है। इन जगहों पर पीएनसी से बात करके रेडियम कोट करवाई जा रही है, जिससे वाहन चालक इन जगहों पर सतर्कता बनाएं और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए। इन स्पॉट पर आए दिन हादसे होते है। कानपुर सागर मार्ग के प्रशासन द्वारा चिन्हित ब्लैक सपाट नौबस्ता से लेकर यमुना पुल तक पुलिस ने 26 जगहों को स्पॉट चिन्हित किया है। समधि पुलिया, बिनगवां, मौरंग मंडी, रमईपुर, हरबसपुर, बिधनू नहर, शम्भुहा, कठेरुआ, धरमपुर बंबा, तिलसड़ा मोड़, रिंद नदी, स्टेशन रोड, हिरनी मोड़, टेनापुर मोड़, भाठ बंबी, जगन्नाथपुर, भदरस मोड़, भीतरगांव तिराहा, घाटमपुर चौराहा, गुजेला, अज्योरी, आलियापुर, सजेती, रामपुर, बरीपाल मोड़, अनुपुर मोड़ ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए है।हाइवे पर हादसे होने की वज़ह डिवाइडर का ना होना कस्बे मे नाला बना होना कानपुर– सागर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर डिवाइडर का न होना आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओ का मुख्य कारण बना हुआ है। यहां पर पीएनसी कस्बे मे हाइवे से सटाकर ही नाला निर्माण करा दिया है, जिससे कस्बे मे दुकान मे सामान लेने वाले लोगों को मज़बूरी मे अपनी गाड़ियों को हाइवे पर खड़ा करना पड़ता है, नतीजन यहां पर जाम के हालत बनते है और जल्दी निकलने के चक्कर मे लोग सड़क हादसे का शिकार होते है। अगर पीएनसी के द्वारा हाइवे के किनारे फुटपाथ देने के बाद नाला निर्माण कराया जाता तो लोग हाइवे के किनारे वाहन खड़ा करके सामान ले सकते थे। जिससे हाइवे खाली पड़ा रहता। पीएनसी के प्रोजेक्ट मैनेजर एमपी वर्मा ने बताया कि टू लेन में हाइवे पर डिवाइडर का प्रावधान नहीं है। नाला निर्माण पहले हो चुका है। अगर समस्या है,तो उस पर काम कराया जायेगा। सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को करेंगे जागरूक 7 घाटमपुर एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत पीएनसी व पुलिस मिलकर हाइवे पर अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातयात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत बाइक सवारो को हेलमेट पहनने आदि सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। आकड़ो मे समझें हाइवे पर हुए सड़क हादसे, आपको आकड़ो मे समझाते है, कानपुर– सागर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर हुए सड़क हादसे बीते वर्ष 2021 से लेकर अब तक हुए कुल 493 सड़क हादसे हुए है, जिनमें कुल 299 लोगों की जान गई है। वही अब तक 335 लोग घायल हुए है। – वर्ष 2021 मे हाइवे पर 170 सड़क हादसे हुए जिनमें 94 लोगों ने जान गवाई वही 90 लोग घायल हुए है। – वर्ष 2022 मे हाइवे पर 175 सड़क दुर्घटनाए हुई जिनमें 110 लोगों ने अपनी जान गवाई है, 124 लोग घायल हुए है। – वर्ष 2023 मे अब तक कुल 148 हादसे हुए जिनमें 95 लोगों की मौत हुई वही 121 लोगों घायल हुए है।



## तीन दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आईसीएआर अटारी जोन 3 की 30वीं क्षेत्रीय कार्यालय का तीन दिवसीय आयोजन 30 जून से 02 जुलाई तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस में प्रारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन महारानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलाधिपति डॉ पंजाब सिंह एवं अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ पंजाब सिंह ने वैज्ञानिकों का आवाहन किया कि वे अपने अनुभव व ज्ञान को निरंतर आगे बढ़ाते रहें। जिससे अनुसंधान कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम के हिसाब से ऐसी प्रजातियों का विकास करें जो मौसम अनुकूल हो। इस अवसर पर बीएचयू के कुलगुरू डॉक्टर वी के शुक्ला ने कहा कि कृषि में महिलाओं और युवाओं का योगदान उल्लेखनीय है।उन्होंने कहा कि हमें प्रति इकाई उत्पादन बढ़ाना होगा। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के उप महानिदेशक कृषि प्रसार डॉ यूएस गौतम ने कहा कि जल, जमीन, जलवायु एवं जंगल को बचाना है।उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र और अधिक मॉडर्न व उनकी दक्षता को बढ़ाना है। डॉ गौतम ने कहा कि आने वाले समय में कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका अधिक होगी। इस अवसर पर सहायक महानिदेशक कृषि प्रसार डॉक्टर रंजय कुमार सिंह ने कहा कि ड्रोन के प्रयोग और अधिक किसानों के खेतों पर कराया जाए जिससे कम समय वह कम लागत में अच्छी खेती की जा सके । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे कृषक स्वावलंबी 1 आत्मनिर्भर हों।

## विकास भवन में आवास दिलाने पहुंचा दलाल गिरफ्तार



कानपुर। विकास भवन में शुक्रवार को फर्जी आवास दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाला दलाल पकड़ा गया। कई लाभार्थियों को पैसे जमा कराने के नाम पर डूडा कार्यालय लेकर आया था। दलाल हाथ में कई फॉर्म लिए था। कर्मचारी को गड़बड़ी होने का शक हुआ, तो पकड़ लिया।नवाबगंज पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे गिरफ्तार लिया। अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज करने की तहरीर दी है। आवास के नाम पर फर्जी तरीके से गरीबों को लूटने वाला दलाल योगेंद्र कुमार के बैग से फर्जी विभाग के अधिकारियों के नाम की तीन मोहरे मिलीं। साथ मे एक डायरी मिली है।इसमें करीब 50 लोगों को आवास देने वालों के नाम पर करीब 2 से 2.50 लाख रुपये के नाम प्रति व्यक्ति का लेनदेन भी लिखा मिला। पंजाब नेशनल बैंक के पैसे जमा करने वालीं राशिदें मिलीं।

## चंद्रशेखर पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन,नारेबाजी

कानपुर। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर हुए हमले के विरोध में भारतीय दलित पैंथर और भीम आर्मी सेना के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। संयुक्त रूप से सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। चंद्रशेखर को जेड श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। कहा कि हमले में दोषी पाए जाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। यह सभी कार्यकर्ता भारतीय दलित पैंथर और भीम आर्मी सेना से थे। कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे महिला और पुरुष कार्यकर्ता जमीन पर बैठ गए। चंद्रशेखर पर हुए हमले के विरोध में जमकर नारेबाजी करने लगे।

## एडीजी जोन ने महिला सशक्तिकरण पर दो महिला आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । महिला हेल्प डेस्क/महिला बीट के माध्यम से संचालित किये गये महिला सशक्तिकरण सम्बन्धी 15 दिवसीय अभियान के दौरान सराहनीय/असाधारण कार्य करने के सम्बन्ध में कानपुर जोन की 02 महिला आरक्षियों को श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति–पत्र को आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा महिला आरक्षी खुश्बू सेंगर थाना ककरबई जनपद झांसी व महिला आरक्षी अर्चना थाना सौरिख जनपद कन्नौज को प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी।

## दूध को विषैला करने के साथ ही मवेशियों एवं मानव स्वास्थ्य पर डालता हैं, दुष्प्रभाव

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह द्वारा वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ पीके उपाध्याय ने दूध को विषैला करने के साथ मवेशियों एवं मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन विषय पर विस्तार से जानकारी साझा की है।डॉ उपाध्याय ने बताया कि अधिकतर पशुपालक दुधारू पशुओं को ऑक्सीटॉसिन नामक इंजेक्शन लगाकर दूध निकालते हैं जो दुधारू पशुओं एवं मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीटोसिन हार्मोन मस्तिष्क में स्थित पिट्यूटरी ग्रंथि से स्रावित होता है। ऑक्सीटोसिन हार्मोन का प्रभाव शरीर में 5 से 7 मिनट तक रहता है उन्होंने बताया कि पशु पालकों की यह धारणा गलत है कि इंजेक्शन लगाने से दूध उत्पादन में वृद्धि हो जाती है।



केवल अयन से दूध जल्दी बाहर आ जाता है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन द्वारा अलग से शरीर में ऑक्सीटॉसिन देने से शरीर में हार्मोन अतिरिक्त मात्रा में हो जाता है। जिससे दुधारू पशुओं में दुष्प्रभाव पड़ता है जैसे पशु धीरे–धीरे बांझ हो जाता है एवं गर्भित पशु में भ्रूण गिरना, पशु का बार बार गर्मी में आना लेकिन गर्भधारण न करना, प्रजनन अंगों में दुष्प्रभाव पड़ना, बच्चेदानी का बाहर निकल आना आदि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। डॉ उपाध्याय ने बताया कि पशुपालकों की लापरवाही के कारण पशु अनुपयोगी हो जाते हैं।जिससे उनके बेशकीमती पशु कौड़ियों के भाव में बिकते हैं और उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने बताया कि इंजेक्शन द्वारा लगातार दूध निकालते रहने से दूध में ऑक्सीटोसिन हार्मोन की सूचम मात्रा दूध में आ जाती है जिससे मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है।जैसे पुरुषों एवं महिलाओं में बांझपन की समस्या, लड़कियों का उम्र से पहले वयस्क होना, महिलाओं में गर्भपात का खतरा, बच्चों में दृष्टि दोष की संभावना बढ़ जाती है। डॉ उपाध्याय ने बताया कि हमारे देश में ऑक्सीटॉसिन इंजेक्शन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जा चुका है। कानूनी तौर पर इसका प्रयोग दंडनीय अपराध है जो कि पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के अंतर्गत आता है। डॉ उपाध्याय ने पशुपालकों को सलाह दी है कि दुधारू पशुओं से स्वतः दूध उतारने के लिए पशुओं को संतुलित एवं स्वादिष्ट आहार खिलाए, प्रसन्न चित्त प्यार दुलार एवं भयमुक्त वातावरण में रखकर ऑक्सीटॉसिन से मुक्त दूध प्राप्त करें।जिससे दूध उपभोग करने वाले व्यक्तियों को स्वस्थ एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रख सकते हैं।

## नशे का करो नाश वरना जीवन का हो जाएगा विनाश: ज्योति बाबा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है,अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस 2023 की इस बार की थीम है लोग पहले- कलंक और भेदभाव को रोकें,रोकथाम को मजबूत करें । यूएन ड्रग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार 2010 से 2019 के बीच नशीली दवाओं का उपयोग करने वालों की संख्या में 22त की वृद्धि हुई है रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार पिछले साल दुनिया भर में लगभग 275 मिलियन लोगों ने नशीली दवाओं का इस्तेमाल किया जिनमें से 36 मिलियन से अधिक लोग नशीली दवाओं के उपयोग से पीड़ित थे।

उपरोक्त बात नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के तहत सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वावधान में ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान एवं बेटियों फाउंडेशन के सहयोग से विश्व नशा निरोधक दिवस के परिप्रेक्ष्य में ओम मेडिटेशन मिनी हॉल महाराणा प्रताप नगर में आयोजित नशा मुक्त स्वास्थ्य चौपाल में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के नेशनल ब्रांड एंबेसडर योग गुरु ज्योति बाबा ने कही,ज्योति बाबा ने आगे कहा कि ड्रग्स मुक्त भारत अभियान देश के 272 जिलों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 15 अगस्त 2020 स्वतंत्रता दिवस पर शुरू किया गया था।

लोग सोचते हैं कि वह बच्चे कैसे नशा कर सकते हैं जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता,परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरूरत नहीं होती बल्कि व्हाइटनर नेल पॉलिश पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडू बाम का सेवन कुछ इस प्रकार के बेहद खतरनाक नशे भी खासतौर से बच्चों द्वारा किए जा रहे हैं।

ओम मंडली कानपुर ब्रांच की हेड बहन पुष्पलता ने जोर देकर कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर कई तरह से बीमार कर रही है इस मौके पर ओम मंडली की पूरी टीम द्वारा 35 वर्षों से निरंतर नशा मुक्ति युवा भारत अभियान चलाने हेतु ज्योति बाबा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अंत में योग गुरु ज्योति बाबा ने सभी को ड्रग्स मुक्त भारत बनाने का संकल्प दिलाया । नशा मुक्त चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख माया बाजपेई रतनपुर ब्रांच हेड, आकांक्षा जी,अंजलि जी,पूनम जी, गौरव जी, शरद प्रकाश अग्रवाल वरिष्ठ आयकर अधिकारी,सुशील बाजपेई एन वाई के ,बॉलीवुड एक्ट्रेस एंड मॉडल एकता सिंह,सुमन शिव्यांश एक्ट्रेस मॉडल,नवीन गुप्ता मीडिया



प्रभारी,बेटियों फाउंडेशन के अशोक जी, यशस्वी बाजपेई रॉक सिंगर इत्यादि थे।

## इत्र व्यापारी के घर 50 लाख की नकदी व जेवर लूट की घटना

**बीपीएस न्यूज**

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में परिवार को बंधक बनाकर 50 लाख रुपए से अधिक के जेवर और नगदी लूटने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बंधक बनाकर लगभग 9–10 बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी जोन प्रशांत कुमार ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे। तमंचे की नोक पर हुई घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी ट्वीट किया है।

## विधायक को प्रर्दशन पड़ा भारी, हुआ दो हजार का चालान

कानपुर। समाजवादी पार्टी विधायक अमिताभ बाजपेयी लगातार अपने प्रदर्शनों को लेकर सुर्खियों में रहते है।शुक्रवार को विधायक ने लगातार हो रही बारिश की वजह से शहर भर में होने वाले जलभराव का विरोध करते हुए अपनी कार के ऊपर नाव में बैठकर कर चप्पू चलाते हुए भ्रमण किया। साथ ही उन्होंने इस प्रदर्शन के माध्यम से कहा कि लगातार नगर निगम के अधिकारी की मनमानी पर जूही पुल जहां पर कई लोगों की डूब कर मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके यहां का प्रशासन इससे कोई सीख नहीं ले रहा है। जल भराव की समस्या पर जनता को नाव चलाने की नसीहत देने निकले विधायक अमिताभ बाजपेई को महंगा पड़ा।विधायक को सरसैया घाट से बड़े चौराहे तक कार पर नाव रख हवा में नौका चलाने पर सिविल लाइन पर ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 2 हजार का चालान हुआ।

## ओम जन सेवा संस्थान द्वारा लगाया गया ब्लड डोनेशन कैंप



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ओम जन सेवा संस्थान न्यू जीनियस पब्लिक स्कूल ओम पुरवा लाल बंगला कानपुर ब्लड डोनेट कैम्प का आयोजन किया गया।

संस्था की संस्थापिका /अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि आप एक यूनिट ब्लड डोनेट करके आप चार लोगों का जीवन बचा सकते है, संस्था द्वारा कई बार ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जा चुका है,ब्लड डोनेट करने से कई बीमारियो से बचा जा सकता है।

हर स्वस्थ व्यक्ति साल में 4 बार ब्लड दे सकता है। ब्लड डोनेट करने के 24 घंटे में ही उतना ब्लड बन जाता है और 1 महीने में हिमोग्लोबिन संस्था की अध्यक्ष शिव देवी अगहरि (सीमा) ने कहा कि संस्था हमेशा गरीबों असहाय व जरूरतमंदों की मदद करने के लिए हमेशा तात्पर्य रहती हैं डॉक्टरों की टीम डॉ चंदशेखर ,डॉ. नेहा आहूजा , प्रीति बाजपेई ,वसीम सिद्दिकी, राहुल सिंह, सत्येंद्र त्रिपाठी, राकेश पटेल, सुनील कुमार, राजोल मिश्रा, आज संस्था ओम जन सेवा संस्थान की टीम ने 25 लोगों ने ब्लड डोनेट किया है, इस कैम्प में प्रमुख रूप से शिव देवी अग्रहरि (सीमा) वार्ड 29 ओम पुरवा पार्षद जितेन्द्र चौरसिया, धर्मेंद्र गुप्ता, सरोज अग्रवाल, अमन अग्रवाल, विशाखा, गौरव , नमन ,नरेश अग्रवाल ,महेश अग्रवाल ,टिल्लू राम अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

**संस्था की अध्यक्ष को सम्मानित किया**–रक्तकोश यू. एच. एम. जिला चिकित्सालय कानपुर नगर के डाक्टर चन्द्र शेखर ने ओम जन सेवा संस्था की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा ) उनके उत्कृष्ट कार्य व 5 बार से लगातार रक्त दान शिविर लगाकार थैलिसिमिया बच्चों की मदद करने के लिये शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## हदय रोग संस्था के निदेशक डॉ. विनय कृष्णा हुए सेवानिृत्त, चिकित्सकों ने किया सम्मान

कानपुर। लक्ष्मीपति सिंघानिया हदय रोग संस्थान के निदेशक डा0 विनय कृष्णा की 33 वर्ष की सेवा के उपरान्त उनका शुक्रवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। उनके सफल सेवाकाल और सरल व्यक्तिव के लिए उनको हदय रोग संस्थान के सभागार में उनको नवनियुक्त निदेशक डा0 राकेश वर्मा, पूर्व डीजीएमई डा0 बी.एन.त्रिपाठी, वरि0 चिकित्सक डा0 रमेश ठाकुश समेत वरिष्ठ चिकित्सको ने उन्हें शॉल पहना कर और फूलो का गुलदस्तां भेंट कर उनको सम्मानित किया और विदाई समारोह का आयोजन किया।निदेशक प्रो0 डा0 विनय कृष्णा ने सेवानिवृत्त के अवसर पर अपना उल्लास जाहिर करते हुए कहा कि कई वर्ष मैने संस्थान को दिए और कडी मेहनत कर संस्थान को ऊचांई पर पहुंचाया। संस्थान में रहकर जो भी मरीजो के हितो के लिए मै कर सका वह मैने किया और आज भी मरीजो को बेहतर सुविधा देने के लिए संस्थान उनके लिए हमेशा में तैयार है और आगे भी रहेगा।

## मोदी सरकार अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कर रही कार्य



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब ?कल्याण के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम में शुक्रवार को भाजपा साहित्य प्रचार विभाग कानपुर दक्षिण के संयोजक प्रकाश वीर आर्य के नेतृत्व मे भाजपाइयों ने मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर–घर जाकर दी तथा 9090902024 पर मिस्ड कॉल करा के पार्टी द्वारा चलाये जा रहे नमो एप, सरल एप, तथा महा संपर्क अभियान से जोडा।उक्त कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने सेवानिवृत्त पदाधिकारी ,कर्मचारी, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक एवं प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित करते हुए मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश में हो रहे चौमुखी विकास, जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को प्राप्त हो रहे लाभ ,विदेशों में भी भारत की बढ़ रही प्रतिष्ठा आदि उपलब्धियों से अवगत कराया।महाजनसंपर्क अभियान के अन्तर्गत भाजपा के जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम के जरिए भाजपाई घर–घर जाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों वाले पत्रक देकर लोगों की भाजपा सरकार की परफॉर्मेंस के बारे मे भी जानकारी ले रहे है ताकि समय रहते उन कमियों को दूर किया जा सके।सूत्रों के अनुसार मोदी सरकार द्वारा धारा 370, तीन तलाक,पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक ,अयोध्या मे भव्य राम मंदिर के निर्माण जैसे साहसिक फैसले एवं अब समान नागरिक संहिता को लागू करने की तैयारी से आम जनता गद–गद है।जिला संयोजक प्रकाश वीर आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश–प्रदेश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन–जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूर्ण हितलाभ मिल रहा है।जनसंपर्क से जनसमर्थन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश वीर आर्य के अलावा अशोक सचान, राजेश श्रीवास्तव, अरूण कुमार बाजपेयी, राजेश बाजपेयी (एडवोकेट), मनोज पाल,आदि रहे।

# एक गांव में मक्खियों के चलते नहीं हो रही लड़कों की शादी



शादी किसी के भी जीवन की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है. कई बार लोगों की शादियों के रुकने की कई वजहें होती हैं. लेकिन सोचिए किसी की शादी घर की मक्खियों की वजह से नहीं हो रही हो तो यह काफी चौंकाने वाली बात होगी। दरअसल, यह घटना उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां के नवाबगंज ब्लॉक में रुदवार नामक गांव में ऐसा हो रहा है. यहां मक्खियों का इतना ज्यादा आतंक है कि हर तरफ, यहां के हर घर में मक्खियां ही मक्खियां हैं. हालत यह है कि मक्खियां घर पर रखे हुए प्रत्येक सामान पर चिपकी और भिनभानती रहती हैं. इतना ही नहीं बारिश के मौसम में यहां का हाल और भी खराब हो जाता है. गांव का ऐसा कोई कोना नहीं है जहां मक्खियां नहीं बैठती हों. खाने-पीने के सामानों पर भी मक्खियां जाकर बैठ जाती हैं, जिसके कारण लोग न तो ठीक से कुछ खा सकते हैं और न ही सो सकते हैं. इसके अलावा इस कारण कोई पिता अपनी बेटी की शादी भी इस गांव में नहीं करना चाहता है. एक रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय महिलाओं ने बताया कि अब तो गांव में लोग रिश्ता करने के लिए भी तैयार नहीं हैं. जिनकी शादी हो चुकी है वो यहां रहने को तैयार नहीं हैं. मक्खियों के डर से रिश्तेदार आने से कतराते हैं.

## एकतरफा प्यार का खौफनाक अंजाम, प्रपोजल रिजेक्ट करने पर लड़की का किया बुरा हश्र



महाराष्ट्र के पुणे से एक चौंका देने वाली वारदात का वीडियो वायरल हुआ है. एकतरफा प्यार में पागल युवक ने अपनी महिला मित्र पर हंसिए से हमला कर दिया. आरोपी ने तब आपा खो दिया जब लड़की ने उसके प्यार के प्रपोजल को रिजेक्ट कर दिया. इस चौंका देने वाली घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.पुणे के एक व्यक्ति ने मंगलवार को अपनी महिला मित्र पर हंसिए से हमला कर दिया क्योंकि उसने उसके साथ शादी करने से इनकार कर दिया था. घटना महाराष्ट्र के पुणे के सदाशिव पेठ इलाके की है. पीड़िता और आरोपी दोनों महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रहे थे.

## गैर कानूनी ढंग से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ्तार

कौशांबी। कौशांबी जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में कथित रूप से गैर कानूनी ढंग से धर्म परिवर्तन कराने को लेकर तीन व्यक्तियों को मंगलवार गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को थाने में ग्रामीणों ने सूचना दी कि इसी थाना क्षेत्र के अकबराबाद गांव के रामचंद्र पाल एवं उसके कई साथियों द्वारा अपने घर पर प्रत्येक सोमवार को गांव तथा आसपास के क्षेत्र के भोले भाले अनुसूचित जाति के लोगों को बुलाया जाता है और चमत्कार की मदद से उनकी बीमारी और समस्याएं ठीक करने का वादा कर उन्हें हिंदू से ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तित प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मंगलवार को उपरोक्त मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्तों गोविंद पांडे एवं गुलबदन को अकबराबाद गांव से गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा थाने में दर्ज मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त अभिषेक कुमार पासी को थाना क्षेत्र के कोटिया पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## 3किलो मीटर पैदल चलकर थाने पहुंचा 12 साल का मासूम, की पिता की शिकायत



उत्तर प्रदेश के आगरा से हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है. दरअसल, यहां के देहात क्षेत्र में रहने वाले एक शख्स ने शराब के नशे में अपनी पत्नी की पिटाई कर दी. फिर मां को बचाने के लिए 12 साल का एक लड़का करीब 3 किलोमीटर तक नंगे पैर चलकर थाने पहुंचा और इंसाफ की मांग की. पुलिस के मुताबिक, बच्चे ने अपने पिता हरिओम को अपनी मां को एक लोहे के पाइप और बेल्ट से पीटते हुए देखा, जिसके बाद वह डर गया और मां को बचाने की गुहार लगाते हुए बसोनी पुलिस स्टेशन पहुंचा. बताया जा रहा है कि ये घटना बाह ब्लॉग के जेबरा गांव में हुई.

थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बच्चा मंगलवार की सुबह पुलिस स्टेशन आया था, जब मैं अपने दफ्तर के बाहर बैठा था. वह मेरी तरफ आया और शिकायत की कि उसके पिता उसकी मां को बेल्ट और लोहे की पाइप से बेरहमी से पीट रहे हैं. इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी के खिलाफ एक्शन लिया.

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 साल के बच्चे ने ये भी शिकायत की कि उसके पिता को शराब पीने के आदी हैं. अक्सर वह उसकी मां को पीटते हैं. जानकारी के मुताबिक, आरोप हरिओम आगरा ग्रामीण के बाह में एक प्राइवेट फैक्ट्री में मजदूर के तौर पर काम करता है. बच्चे की शिकायत सुनने के बाद थाना प्रभारी ने बच्चे के घर पर पुलिस की एक टीम भेजी, जिसने हरिओम को गिरफ्तार कर लिया. हालांकि, बाद में उसको छोड़ दिया गया क्योंकि उसकी पत्नी आरोप नहीं लगाना चाहती थी. इसके साथ ही हरिओम ने भी कभी उस पर हाथ नहीं उठाने का वादा किया.मामले में पुलिस ने कहा कि मैं उस बच्चे की बहादुरी को देखकर हैरान था. उसकी उम्र के लड़कों को पुलिस स्टेशन आते और ऐसी घटनाओं के बारे में शिकायत करते हुए कम ही देखा जाता है. वह यहां अकेले ही आया और हमको पूरी घटना के बारे में बताया.

# बड़ी मुश्किल से पुलिस ने सुल्झाई हत्या की गुत्थी



उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस को एक मर्डर केस को सुलझाने में कंडोम के पैकेट से मदद मिली और फिर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया. आंबेडकर नगर के बेवाना थाना क्षेत्र में अजब सिंह हत्याकांड की केस स्टडी अब यूपी पुलिस के ट्रेनिंग सेंटर मुरादाबाद भेजी जाएगी, जहां ट्रेनी अफसर और पुलिस के जवान ट्रेनिंग के दौरान इसका अध्ययन करेंगे.

इस ब्लाइंड मर्डर का राज कंडोम के ब्रांड से खुला था. हत्यारों ने हत्या के बाद घटनास्थल पर कोई भी सुबूत नहीं छोड़ा था. इस हत्याकांड का खुलासा करना पुलिस के लिए चुनौती बन गई थी. बता दें कि बीते 11 जून को एक बंद पड़े स्कूल में 90 प्रतिशत जल चुका शव बरामद हुआ था. शव जला होने कारण उसकी शिनाख्त नहीं पाई थी और न ही वहां कोई ऐसी चीज बरामद हुई, जिससे शव के शिनाख्त में कोई मदद मिलती. पुलिस ने इस हत्याकांड खोलने को एक चुनौती के रूप में लिया. एक कंडोम के पैकेट के सहारे इसके तह तक पहुंची और हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की इस कामयाबी पर उसे अधिकारियों से प्रशंसा मिल रही है और केस स्टडी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर भेजी जाएगी.

पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करने के लिए थाने की टीम के अलावा स्वाट टीम और सर्विलांस सेल को लगाया, लेकिन पुलिस को आगे बढ़ने के लिए कोई क्लू नहीं मिल रहा था कि आगे कैसे बढ़ें. पुलिस टीम अंत मे आकर उसी कंडोम के पॉकेट पर आकर अटक जा रही थी और अंत मे यही से पुलिस को सुराग भी मिला, क्योकि कंडोम का जो ब्रांड था वो आंबेडकर नगर सहित आसपास के जिलों में नहीं बिकता है. इसके बाद पुलिस टीम द्वारा इस ब्रांड की बिक्री कहां होती है, इसका पता लगाने के लिए इसे सोशल मीडिया पर भी डाला गया. इसके बाद पता चला कि इस ब्रांड के कंडोम दिल्ली-एनसीआर और उससे सटे यूपी के जिलों में मिलते हैं.पुलिस ने इसके बाद सर्विलांस सेल के माध्यम से यह पता लगाया कि इन जिलों के मोबाइल नंबरो की गतिविधियां घटनास्थल वाले क्षेत्र में थी. सर्विलांस सेल ने 12 नंबरो की लोकेशन ट्रेस की, जिनसे बात हुई थी. जब नंबरो की जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि 8 नंबर ऐसे थे, जिनके परिवार के लोग किन्ही कारणों से वहां रहते थे. एक नंबर पर महिला की बात हुई थी, जो सहारनपुर जनपद की थी. महिला से जब पुलिस ने बात किया तो उसने बताया कि यहां से 4 लोग सर्कस दिखाने आंबेडकर नगर गए हैं. इस पर पुलिस सक्रिय हुई और सर्कस दिखाने आए लोगों की खोज शुरू की तो सहारनपुर से सर्कस दिखाने आए इमरान और फरमान मिले.जब पुलिस ने इनसे कड़ाई से पूछताछ की तो इनलोगों ने बताया कि इमरान की बहन से अजब सिंह का अफेयर चल रहा था और भीतरी डीह गांव निवासी इरफान की बहन से भी संबंध था. बीच में अजब सिंह ने सर्कस का कुछ सामान भी बेंचकर पैसा रख लिया. इसी बात से नाराज तीनों ने अजब सिंह को शराब पिलाने के बहाने बंद पड़े स्कूल में ले गए और ईंट से कुचल कर मार डाला. इसके बाद वहां रखी लकड़ियों में रखकर आग लगा दिया. उन्होंने अजब सिंह की जेब से सारा सामान निकाल लिया, जिसमें एक कंडोम का पैकेट भी था जिसे वो वहीं फेंककर फरार हो गए. लेकिन, यही कंडोम का पैकेट उनके पकड़े जाने का कारण बना. पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस टीम के इस वर्कआउट को लेकर अधिकारियों ने भी प्रशंसा की है और इसे केस स्टडी के लिए पुलिस ट्रेनिग सेंटर मुरादाबाद भेजे जाने का फैसला लिया है.

# कई राज्यों में भारी बारिश से संभलकर! टूट सकता है कहर, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

मौसम विभाग (द्धब्ह्र्ड) ने करीब 25 राज्यों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है. जिसमें कुछ राज्य ऐसे हैं जहां भयानक बारिश देखने को मिल सकती है. वहीं कुछ ऐसे राज्य हैं जहां पर मध्यम से हल्की बारिश होने की आशंका जताई है. जिन राज्यों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है उनमें दिल्ली यूपी , उत्तराखंड , पंजाब , हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, गुजरात, राजस्थान, गोवा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अंडमान-निकोबार, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना शामिल है.

दो जुलाई से दक्षिण भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का नया दौर शुरू हो गया है. बिहार में दो जुलाई से तीन जुलाई तक तेज बारिश का अलर्ट है. वहीं गंगीय पश्चिम बंगाल में आज दो जुलाई, झारखंड में तीन जुलाई और ओडिशा में तीन से पांच जुलाई के बीच तेज बारिश होगी. इसके अलावा, सब हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में अगले पांच दिनों भारी से बहुत भारी बारिश होगी.आईएमडी ने भारी बारिश के कारण आज गुजरात में रेड अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही उत्तराखंड, असम, मेघालय, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा में भारी बारिश के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.मध्य भारत के राज्यों की बात करें तो यहां भी अगले चार दिन तक लगातार बारिश जारी रहेगी. मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में 2 जुलाई, छत्तीसगढ़ में चार और पांच जुलाई, पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में पांच जुलाई को भारी बरसात होगी. इसके अलावा कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र में अगले 4 दिन तक तेज बारिश जारी रहने की चेतावनी जारी की गई है.मौसम विभाग के मुताबिक 2 जुलाई को दिल्ली-हृष्टक्रमें आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होगी. आज दिल्ली में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रह सकता है. 1 जुलाई को दिल्ली में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम रहा. बीते 24 घंटे में दिल्ली में 27 मिमी बारिश दर्ज हुई है.गौरतलब है कि जून में हुई भीषण बारिश ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया ।

# जिंदा बेटी का किया अंतिम संस्कार, तोड़े सारे रिश्ते-नाते, वजह कर देगी हैरान



प्यार और उसके बाद लव मैरिज कई जगह समाज में आज भी अपराध की तरह देखा जाता है. आज के दौर में लव मैरिज भले ही सामान्य है, लेकिन कई जगह इसे लोग अब तक नहीं स्वीकार सके हैं. लव मैरिज से जुड़ा एक चौंका देने वाला मामला गुजरात के दाहोद से सामने आया है. एक पिता ने अपनी जिंदा बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया. आइये आपको विस्तार से बताते हैं इस हैरान कर देने वाले मामले के बारे में.गुजरात के दाहोद की रहने वाली एक लड़की कई दिनों से अपने दोस्त के साथ प्रेम संबंध में थी. इस बारे में उसके परिवार वालों को बिल्कुल भी भनक नहीं थी. गौर करने वाली बात यह है कि लड़की जिस लड़के के साथ प्रेम संबंध में थी, वह दूसरी जाति से था. वहीं, लड़की ब्राह्मण परिवार से वास्ता रखती थी. लड़की को पता था कि उसके इस रिश्ते को घर वाले कभी स्वीकार नहीं करेंगे.एक दिन लड़की आम दिनों की तरह घर से बाहर निकली लेकिन घर नहीं लौटी. लड़की के घर न लौटने पर परिवार वाल परेशान होने लगे. देर रात तक लड़की घर नहीं आई. परेशान पिता ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने पिता की शिकायत पर बेटी की गुमशुदगी दर्ज कर दी. काफी तलाशने के बाद जब लड़की की खोज-खबर लगी तो परिवार वालों को बड़ा झटका लगा.लड़की ने परिवार वालों को बिना बताए शादी कर ली थी. पुलिस के साथ पिता जब उसके पास पहुंचा तो वह हैरान रह गया. उसने बेटी को रिश्ता तोड़कर साथ चलने के लिए कहा. बेटी ने पिता के साथ जाने से इनकार कर दिया. पिता की तमाम कोशिशों के बाद भी बेटी जब नहीं मानी तो पिता घर लौट आया. पुलिस भी लड़की पर दबाव नहीं बना सकी क्योंकि वह बालिग थी.

घर लौटने के बाद गुस्साए पिता ने चौंका देने वाला कदम उठाया. पिता ने बेटी से सारे रिश्ते-नाते तोड़ दिए. उसने अपनी जिंदा बेटी का अंतिम संस्कार कर दिया और कभी भी बेटी का चेहरा न देखने की कसम खाई. यह मामला गुजरात के दाहोद में चर्चा का विषय बना हुआ है.

## नोटों से सजाया बिस्तर, 500 की गड्डियों के साथ एसएचओ के बच्चों की फोटो वायरल



उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 500-500 रुपये की 27 गड्डियों के साथ सोशल मीडिया पर दो बच्चों की तस्वीर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया. जिले के एसपी ने बेहटा मुजावर थाना के एसएचओ को हटाते हुए उन्हें पुलिस लाइन से अटैच कर दिया है. गुरुवार को एक पुलिस अफसर ने बताया कि मामले की जांच बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है.बांगरमऊ के सीओ पंकज सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर गुरुवार को बेहटा मुजावर थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रमेश चंद्र साहनी के परिजनों की फोटो नोटों के बंडलों के साथ सामने आई, जिसका संज्ञान लेकर स्क्सिद्धार्थ शंकर मीणा ने बेहटा मुजावर के एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया. उन्होंने बताया , 'एसपी ने इस मामले की जांच मुझे सौंपी है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है. 'नोटों के बंडलों की कुल रकम कितनी है, इसकी जानकारी पुलिस विभाग ने नहीं दी. वैसे वायरल तस्वीर में दिख रहे बंडलों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि कुल नोटों की कीमत 13 लाख रुपये से ज्यादा है. फोटो की सच्चाई जानने के लिए बेहटा मुजावर थानेदार रमेश चंद्र से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया.

## हेलमेट नहीं पहना तो पुलिस ने बाइक वाले का फोड़ दिया सिर



मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गोलम्बर पर बाइक की चेकिंग के दौरान एक पुलिसकर्मी ने बेरहमी की हद पार कर दी. पुलिसकर्मी ने बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे एक युवक का डंडे से सिर फोड़ दिया. घायल युवक को इलाज के लिए निकटतम बैकुंठपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 227 ए राम जानकी पथ को लखनपुर गोलम्बर को जाम कर दिया और बाइक चेकिंग अभियान में लगी गश्ती गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया, जिससे मुख्य सड़क पर लंबी वाहनों की कतार लग गई.

वहीं उसी दौरान शराब के नशे में एक शख्स के द्वारा आक्रोशित लोगों को कुछ कहने पर लोग भड़क उठे और उक्त शख्स को थानाध्यक्ष के सामने ही मारपीट करने लगे. मौके पर घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने दल-बल के साथ पहुंच आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और आवागमन चालू कराया. वहीं, थानाध्यक्ष ने पुलिस जवान पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया. मामले में परिजनों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल युवक गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के कृतपुरा गांव निवासी अमित कुमार सिंह पिता कृष्णा सिंह हैं.

घर में शादी समारोह था, उसी में आए रिश्तेदार सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी राणा प्रताप सिंह पिता स्वर्गीय राम दर्द सिंह को छोड़ने बाइक पर सवार होकर मशरक के राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर छोड़ने जा रहा था कि लखनपुर गोलम्बर पर बाइक चेकिंग में लगे पुलिस जवान ने सिर पर वार कर दिया, जिसमें युवक का सिर फट गया. वहीं थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पुलिस जवान पर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया.

# महिलाओं को अपने मायके जाने के लिए पति पर नहीं रहना पड़ेगा निर्भर, जानें सरकार ने क्या दिया तोहफा

श्योपुर। शहर हो या गांव शादी के बाद औरतों को आज भी भारतीय समाज में अपने परिवार और पति के की सलाह और मदद कभी न कभी लेनी पड़ती हैं। यहां तक की कई अधिकतर घरों में महिलाओं को शादी के बाद अपने माइके जाने के लिए भी पति पर आर्थिक और मानसिक रुप से निर्भर रहना पड़ता हैं लेकिन अब सरकार कुछ ऐसा करने जा रही हैं जिससे महिलाओं को माइके जाने के लिए पति पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार की लाडली बहना योजना के तहत महिला लाभार्थियों को दी जाने वाली एक हजार रुपये प्रति माह की राशि चरणबद्ध तरीके से तीन गुना बढ़ाई जाएगी। करीब 1.25 करोड़ महिलाओं को जोड़ने वाली इस योजना की घोषणा राज्य में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की गई है।

मुख्यमंत्री ने यहां समारोह में भाई- बहन के बीच प्यार जाहिर करने वाले पुराने जमाने की ब्लॉकबस्टर फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा के हिट गीत '' फूलों का तारों का सबका कहना हैज्एक हजारों में, मेरी बहना है'' की कुछ पंक्तियां भी गाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत 12 हजार रुपये की वार्षिक राशि को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 36 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी और महिलाओं को अपने मायके जाने के लिए (धन के लिए) अपने पति पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



संयोग से राज्य के 5,39,87,876 मतदाताओं में से 2,60,23,733 महिलाएं हैं। अपने संबोधन के दौरान चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और कहा कि उनका नेतृत्व देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने विजयपुर में आयोजित समारोह में कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नौ स्वर्णिम वर्षों में हमारे देश ने सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है और दुनिया का सिरमौर बन गया है। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र तोमर भी मौजूद थे

चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यहां कूनो राष्ट्रीय उद्यान में महत्वाकांक्षी चीतों को बसाने की परियोजना शुरू की है जो राज्य के पिछड़े चंबल क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देगी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि श्योपुर के विजयपुर और करहल क्षेत्रों में 2003 से पहले (जब भाजपा राज्य में सत्ता में आई थी) सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं थी, लेकिन अब प्रचुर मात्रा में पीने योग्य पानी है और यह इलाका सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर है। सिंधिया ने कहा कि श्योपुर और चंबल क्षेत्र में कई करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं।

## पत्नी के साथ नाजायज संबंध के शक में निशाचर बना पति!



कर्नाटक राज्य से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी हैं। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के कथित बॉयफ्रेंड को गुस्से में बुरी तरह से मार डाला। आरोपी ने पहले शख्स का गला रेता और उसके बार उसका खून भी पिया। इस पूरी घटना का वीडियो आरोपी के जानने वाले ने मोबाइल में शूट किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं ।कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर जिले में एक व्यक्ति ने गुस्से में एक शख्स का गला काटा और उसका फैला हुआ खून पिया। आरोपी को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घटना का वीडियो सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है। उसके दोस्त ने इस घटना को अपने मोबाइल फोन पर कैद कर लिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है ।आरोपी की पहचान विजय के रूप में हुई, उसने मारेश का उसकी पत्नी के साथ संबंध होने का संदेह होने पर उसका गला काट दिया। 19 जून को विजय मारेश को पास के जंगल में ले गया जहां उसने उस पर हमला किया। विजय के दोस्त, जॉन, जो उनके साथ था, ने अपराध को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड किया। पीड़ित की चोटों का अस्पताल में इलाज किया गया और वह अब घर लौट आया है ।पुलिस ने मारेश की शिकायत के आधार पर विजय को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रभु आखिर क्यों भक्त प्रह्लाद की रक्षा करने के लिए दौड़ पड़े थे?



जिस पिता ने बालक प्रह्लाद को भगवान की भक्ति करने से रोकना चाहा, तरह-तरह की यातनाएँ दीं, ज़हर देने की कोशिश की, उन्हें मौत के घाट उतारने की कोई कसर नहीं छोड़ी, उस निर्दयी पिता के लिए भी प्रह्लाद ने मोक्ष माँगा। परम मंगलमय भगवत स्वरूप श्रीमदभागवत महापुराण के अंतर्गत अष्टम स्कन्ध में प्रवेश करें। इसमें मन्वन्तरों का निरूपण किया गया है। कलियुग, द्वापर, त्रेता और सतयुग ये चारों युग जब एक-एक हजार वर्ष व्यतीत होते हैं तब ब्रह्मा जी का एक दिन होता है ब्रह्मा जी के एक दिन में चौदह मन्वन्तर होते हैं। एक मन्वन्तर लग-भग बहतर चतुर्युगी के बराबर होता है। मन्वन्तरों में भगवान के अवतार हुआ करते है। एक बार प्रभु ने एक गज का ग्राह से उद्धार करने के लिए हरि अवतार लिया।

वह एक दिन प्रचंड गर्मी के आतप से संतप्त जल पीने के लिए सरोवर में गया। पानी पीकर प्यास बुझाई पर उसी में प्रविष्ट होकर जलक्रीड़ा करने लगा। सरोवर का जल जब मैला होने लगा तब उसी में बैठे एक ग्राह (मगरमच्छ) को क्रोध आ गया। उसने गजराज का पैर पकड़ लिया। पहले तो गजराज ने सोचा, ये नन्हा सा जीव मेरा क्या बिगाड़ लेगा मेरे डर से तो बड़े-बड़े सिंह और जंगली जानवर पलायन कर जाते हैं, यह किस खेत की मूली है। पर जब अपना अधिकतम बल लगाने के बाद भी पैर छुड़ा नहीं सका तब समझ गया यह साधारण नहीं है। अपनी हथिनियों की तरफ इशारा किया कि मुझे बचाओ। संकट की घड़ी में समस्त सपरिवार के लोगों ने एक साथ मिलकर अपना बल लगाया फिर भी ग्राह ने पैर नहीं छोड़ा। बहुत समय तक दोनों गज-ग्राह में युद्ध चलता रहा। अंत में उस गज श्रेष्ठ के परिवार के सभी लोग उसे छोड़कर धीरे-धीरे जाने लगे। गजराज ने आर्त स्वर में पुकारा- देवियों ! इस संकट में मुझे अकेला छोड़कर कहाँ जा रही हो ? हथिनियों ने कहा- महाराज ! आंखिर कब तक यहाँ हम भूखे-प्यासे खड़े रहें। यह सुनकर हाथी को वैराग्य हो गया। उसके समक्ष संसार का सच सामने आ गया। सोचने लगा जब तक मुझ में बल था, पराक्रम था तब पूरा झुंड मेरे साथ चलता था। आज इस छोटे से मगर ने मेरा पैर पकड़ा तो छोडकर सब चले गए। अब पता चल गया कि ये सब मेरे सुख के साथी थे, जीने मरने की कसमें खाईं थी वादा किया था। किन्तु आज जब मै दुख में पड़ा तो सब साथ छोड़ कर चल दिए।

हाथी तो संसार का सच समझ गया। पर हम मानव नहीं समझ पाए। देह का अभिमान लिए हुए हाथी की तरह उन्मत्त विचरण करते हैं पर जब मृत्यु रूपी मगर पैर पकड़ता है तो छोड़ता नहीं। परिजनों की सेवा की भी एक सीमा होती है। अंततोगत्वा वो भी भगवान से प्रार्थना करने लगते हैंङ्क हे प्रभो ! अब इन्हें उठाओ। पर आश्चर्य है कि इसके बाद भी हम लोगों की आसक्ति नहीं छूटती। अब गजेंद्र समझ गया, प्रभु के सिवाय और कोई मेरी रक्षा नहीं कर सकता। उसने प्रभु के चरणों में ध्यान लगाया और बड़ी अद्भुत स्तुति की, पर उसकी स्तुति में किसी देवता का नाम एक बार भी नहीं आया।

ब्रह्मा आदि देवता देख रहे हैं सुन रहे हैं परंतु विचार कर रहे हैं कि जब मुझे पुकारता नहीं हमारा नाम नहीं लेता तो हम क्यों दौड़ें ? प्रभु ने सोचा कि इतनी सुंदर स्तुति और नाम किसी का नहीं। आखिर यह किसकी स्तुति मानी जाए। अंत में विचार किया जो किसी की नहीं वो मेरी। करुणा के सागर प्रभु, भक्त वत्सल गजराज की रक्षा करने गरुण पर सवार होकर दौड़ पड़े।

# माता सीता ने हनुमानजी पर सदैव प्रभु कृपा बने रहने का आशीर्वाद दिया था



तो रहे हैं, कि प्रभु की कृपा हो जाये तो, एक नन्हां सर्प भी गरुड़ को सहज ही निगल जाता है। ऐसा नहीं कि सर्प में इतनी शक्ति पहले से ही विद्यमान होती होगी। अपितु यह तो प्रभु कृपा का ही प्रताप है, कि सर्प ऐसा अविश्वसनीय कार्य कर पाता है। यह कृपा ही होती है, कि जिस सागर को लाँघने में बड़े-बड़े वानर योद्धाओं के पाँव पीछे हट गए। उसी सागर को श्रीहनुमान जी ने एक छलाँग में ही लाँघ दिया। श्रीहनुमान जी तो माना एक श्रेष्ठ व महान भक्त हैं। भगवान शंकर के अवतार भी हैं। वे समुद्र को एक छलाँग तो क्या, एक संकल्प मात्र में भी लाँघ सकते हैं। लेकिन प्रभु की कृपा अगर हो, तो श्रीहनुमान जी अथवा गरुड़ को भी छोडिए। एक नन्हां-सा कीट भी सागर को एक छलाँग में लाँघ सकता है। श्रीहनुमान जी को जब अजर व अमर होने का वरदान मिला, तो उन्होंने सोचा, कि माता सीता जी तो ममत्व का असीमित सागर हैं। साथ में वे संपूर्ण जगत की माता भी हैं। और माता के ममत्व का क्या है। आज मेरी झोली वरदानों से भर दी, कल अपनी किसी दूसरी प्रिय संताान की झोली भर देंगी। जब माता मुझ जैसे अपात्र को भरा पूरा कर सकती हैं, तो संसार में मुझे छोड़ कर तो सभी एक से एक पात्र हैं। उन्हें तो माता ने वरदानों से साज सज्जा करनी ही है। और यह भी निश्चित है, कि मुझे प्राप्त वरदान तो अवश्य ही, औरों को मिलने वाले वरदानों से सदैव निम्न ही रहेंगे। ऐसे में यह कहाँ निश्चित रह जायेगा, कि मैं सदा श्रेष्ठ को ही प्राप्त करुँगा। लेकिन हाँ! अगर मुझे प्रभु की कृपा प्राप्त हो, तो फिर तो मैं, शत प्रतिशत की बजाय, अनंत प्रतिशत आश्वस्त हो जाऊँगा, कि मैं निश्चित ही अपने निर्धारित लक्ष्य पर पहुँच पाऊँगा।

श्रीहनुमान जी इसलिए भी माता सीता जी को बार-बार प्रणाम करते हैं कि प्रभु कृपा हो न हो, यह कोई निश्चित भी नहीं है। लेकिन जब साक्षात आदि शक्ति ने ही यह घोषणा कर दी, कि हे हनुमान! बाकी वरदान तो चलो ठीक हैं, तुम तो स्वाभाविक ही इन वरदानों के पात्र थे ही। लेकिन सबसे बड़ा वरदान तो यह है, कि प्रभु तुम पर सदैव अपनी कृपा बनाई रखें। तो अब तो यह निश्चित से भी निश्चित हो गया, कि मुझ पर प्रभ कृपा करेंगे ही। जिसका सीधा व सरल अर्थ हुआ, कि अब हर रण में विजय। मैं अपने नेत्र मूँद कर भी चलूँगा, तो मेरा मार्ग व लक्ष्य, स्वयं मेरे चरणों में आकर नत्मस्तक होंगे। वह कौन-सी दिशा होगी, जो मेरे अनुकूल नहीं होगी। कण-कण मेरा सहायक सिद्ध होगा। कारण कि प्रभु कृपा सागर में तैरती लकड़ी है, और मैं एक लोहे की तीखी कील। लोहे की कील की क्या बिसात कि वह सागर में तैर भी पाये। उसका स्वभाव तो डूबना है। लेकिन जब वही कील स्वयं को उस लकड़ी में जड़ा हुआ पाती है, तो लकड़ी के साथ, वह कील भी तैरने की कला सीख जाती है। बस हम वही कील हैं। जो कि अब कभी नहीं डूबेंगे और तैरते ही रहेंगे। क्योंकि माता सीता ने हमारे लिए, प्रभु कृपा का वरदान जो निर्धारित कर दिया है।

उपरोक्त चौपाईयों में माता सीता जी, श्रीहनुमान जी को अपने आशीर्वादों की अमृत वर्षा से नहला रही हैं। आज संसार में कौन मायावी जीव ऐसा नहीं, जो अजर व अमर नहीं होना चाहता। और इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु, उसके समस्त प्रयास निष्फल भी सिद्ध हो रहे हैं। कोई भी श्रेष्ठ से श्रेष्ठ ज्ञान-विज्ञान भी, ऐसे अनमोल वरदानों की थाह नहीं ले पा रहे हैं। इस शोध पर इतनी खोजें व अनुसंधान हो रहे हैं, कि इसका लेखा जोखा रखना भी संभव नहीं है। लेकिन श्रीहनुमान जी का सौभाग्य ऐसा है, कि माता सीता जी उन्हें सहज ही यह उपलब्धियां सुलभ करवा रही हैं। निश्चित ही ऐसे वरदानों की रत्ती भर भी उपलब्धि अगर मुझे स्वयं को हो जाती, तो मेरी तो बाँछे ही खिल जाती। मेरे पाँव धरती पर कहाँ लगने थे। लेकिन श्रीहनुमान जी को तो यह वरदान पूरे नख से सिर तक, छक कर प्राप्त हुए थे। लेकिन ऐसा किसी भी दृष्टिकोण से देखने को नहीं मिला, कि श्रीहनुमान जी के मन में, किसी प्रकार की कण भर भी चंचलता आई हो। वे तो बस चिर आनंद की अवस्था में ही विचरण कर रहे हैं। लेकिन चौपाई पढ़ें तो आप पायेंगे, कि श्रीहनुमान जी के हृदय में अति प्रसन्नता का उदय भी होता है-

और यह उदय होता है, जब श्रीहनुमान जी की कर्ण इन्द्रियों में 'प्रभु कृपा करें' नामक शब्द पड़ते हैं। आज हमें यही चिंतन करना है, कि इन शब्दों में आखिर ऐसा क्या था, कि श्रीहनुमान जी परमानंद की अनुभूति का करने लगे। सज्जनों, वास्तव में आध्यात्म में साधक की संजीवनी बूटी ही वह है, जब साधक को उसके प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। श्रीहनुमान जी उदाहरण के तौर पर कह भी

# 5 राशि वालों धन वर्षा करने आ रहे `बुध´, देंगे करियर में तरक्की, बड़ा बैंक बैलेंस!

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों के राजकुमार बुध का गोचर धन, बुद्धि, व्यापार पर बड़ा असर डालता है. 8 जुलाई 2023 को बुध गोचर करके कर्क में प्रवेश करने वाले हैं. बुध का कर्क में गोचर कुछ राशि वालों के लिए बहुत शुभ रहने वाला है. इन जातकों को नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी. कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है. बुध 8 जुलाई की रात 12 बजे कर्क में प्रवेश करेंगे. आइए जानते हैं कि बुध गोचर किन राशि वालों को लाभ देने जा रहा है.

**बुध गोचर इन राशि वालों को देगा लाभ**

**वृषभ राशि**-बुध का गोचर वृषभ राशि वालों को बहुत लाभ देगा. इन जातकों को अचानक बहुत सारा पैसा मिलेगा. आप अपने कारोबार में सफलता पाएंगे. कारोबार बढ़ेगा. नौकरी में तरक्की मिलेगी. पार्टनर से अच्छी बनेगी. वरिष्ठों से समर्थन मिलेगा.

**कन्या राशि**- बुध का गोचर कन्या राशि वालों को पर्याप्त पैसा दिलाएगा. आपको नई नौकरी मिल सकती है. कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है. विदेश जाने के योग हैं. परिवार में खुशी मिलेगी. स्वास्थ्य अच्छी रहेगी. लव लाइफ अच्छी रहेगी.

**तुला राशि**- बुध गोचर तुला राशि वालों को नई नौकरी देगा. आपको पद भी मिलेगा और धन भी मिलेगा. वहीं मौजूदा जॉब में प्रमोशन मिलने का भी योग है. कारोबारियों के लिए तो यह सोने पर सुहागा जैसा साबित होगा.

मकर राशि ־ मकर राशि वालों को बुध का गोचर कई मामलों में लाभ देगा. नए लोगों से मिलेंगे. उनसे भविष्य में लाभ होगा. सेहत बेहतर रहेगी. जीवनसाथी से अच्छी जमेगी. कई स्रोतों से धन मिलने के प्रबल योग हैं. परिवार में खुशी बढ़ेगी.

**मीन राशि**-बुध गोचर मीन राशि वालों की जिंदगी में सुनहरे दिन शुरू करेगा. आपकी ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी. आप अच्छा पैसा कमाएंगे. नए व्यापार में हाथ आजमा सकते हैं. शादी तय हो सकती है. निजी जीवन में कई सकारात्मक बदलाव दिख सकते हैं.



# अनासक्ति से संभव है चिंताओं से मुक्ति



भगवद?्गीता में बारंबार भौतिक वस्तुओं और सांसारिक विषयों के प्रति अनासक्त भाव रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। अनासक्ति को वह साधन बताया गया है जिसके द्वारा मनुष्य सच्चा ज्ञान, मन की शांति तथा स्थायी आनंद प्राप्त कर सकता है। अनासक्ति द्वारा मनुष्य स्वयं के प्रति सहज होना सीख सकता है। संक्षेप में, अनासक्ति के निरंतर अभ्यास से अंततः आध्यात्मिक स्वतंत्रता की प्राप्ति हो जाती है। श्रीकृष्ण ने स्पष्ट किया है कि कर्म की उत्पत्ति गुणों (भौतिक प्रकृति के प्रकार) की परस्पर क्रिया से होती है। परन्तु झूठे अहं के कारण व्यक्ति स्वयं को समस्त कर्मों का कर्ता मान बैठता है; तथा इस प्रकार आसक्ति में पड़ जाता है। आसक्ति मनुष्य के तर्कसंगत रूप से विचार करने, सरलता के साथ अपनी बात कहने एवं विवेकपूर्वक कार्य करने की योग्यता को दुर्बल कर देती है। फलस्वरूप व्यक्ति सदा अतृप्त रहने वाली वासनाओं, तीव्र भावनाओं तथा अंतहीन दुखों के दुष्चक्र में फंस जाता है। दूसरी ओर, जो व्यक्ति अपने कर्मों के फल के प्रति आसक्त नहीं होता, वह सांसारिक निर्भरता से मुक्त हो जाता है; और संतुष्ट जीवन जीता है। बाहरी रूप से सदैव कार्य में लगे रहते हुए भी वह आंतरिक रूप से कुछ नहीं करता। इसलिए, जोर देकर कहा गया है कि मनुष्य को अपने कार्यों अथवा उन कार्यों के परिणामों के प्रति आसक्त हुए बिना अपना नियत कार्य करते रहना चाहिए। वैराग्य के वास्तविक अर्थ के बारे में बहुत सी गलत धारणाएं एवं भ्रम हैं। अनासक्ति के सिद्धांत को अक्सर जीवन के आवश्यक कर्तव्योंङ्क जैसे सम्मानजनक आजीविका अर्जित करने, व्यक्तिगत संबंधों का आदर करने तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करने से बचने के लिए एक बहाने के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन एक सच्चा आध्यात्मिक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों से कभी भी दूर नहीं भागता। वह अपने साथियों के कष्टों से कभी भी अपने को अलग नहीं रख सकता।

तब वैराग्य का वास्तविक अर्थ है क्या? संसार को त्यागने की बात नहीं है। अनासक्ति का तात्पर्य है अच्छी से अच्छी और बुरी से बुरी परिस्थितियों में भी भावनात्मक संतुलन बनाए रखना। अनासक्ति का अर्थ है स्वामित्व के भाव से रहित होकर जीवन जीना तथा कर्तापन की भावना से मुक्त होकर कर्म करना। अपनी बुद्धि को सब ओर से नियंत्रित करके मनुष्य उच्चतम पूर्णता की स्थिति को प्राप्त कर सकता है। यह एक ऐसी मनोवृत्ति है जिसमें व्यक्ति सांसारिक विषयों, लोगों तथा घटनाओं के प्रति अपनी पसंद और नापसंद पर काबू पा लेता है। जो व्यक्ति अनासक्ति की इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है, वह जीवन में कुछ भी घटित होने से विचलित नहीं होता। वह सफलता या असफलता की चिंता किए बिना उस भूमिका को बखूबी निभाता है जिसकी उससे अपेक्षा की जाती है। परिस्थितियां कैसी भी हों, वह अपने कर्तव्य, कर्म पर ध्यान केंद्रित रखता है। इस प्रकार अनासक्ति कार्य में कुशलता लाती है ।एक अनासक्त व्यक्ति अपने प्रयासों के फल को विनीत भाव तथा कृतज्ञता के साथ स्वीकार करता है। वह जीवन के एक उच्च एवं व्यापक दृष्टिकोण को प्राप्त कर लेता है। अधिकतम दबाव में भी वह शांत एवं संतुलित बना रहता है। इस प्रकार, वह कर्मों के बंधन से मुक्ति पा लेता है। श्रीकृष्ण ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्मों के फल में आसक्ति नहीं होने का तात्पर्य यह नहीं है कि अकर्म में आसक्ति हो जाए। इस प्रकार, अनासक्ति का अर्थ संसार से उदासीन होकर स्वयं को जीवन के सुखों से वंचित रखना तथा दुनियावी दुखों से घबराकर उनसे दूर भागने का प्रयास करना नहीं है। अनासक्ति का अर्थ परिवार, मित्रों तथा अन्य प्रियजनों से भौतिक दूरी बनाना या भावनात्मक अवरोध पैदा करना भी नहीं है। अपितु यह तो किसी को नियंत्रित करने के इरादे अथवा किसी और के द्वारा नियंत्रित होने की संभावना से रहित होकर, हर किसी को स्वार्थ रहित प्रेम करने की कला है।



# स्वच्छता की देवी शीतला माता की होती है शीतलाष्टमी पर पूजा

हिन्दू धर्म के विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता एक प्रसिद्ध हिन्दू देवी हैं। इनका प्राचीनकाल से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चैंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती-रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।

इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

# इस एक मंत्र के जाप से दूर हो जाएंगी विवाह की सारी दिक्कतें

भारतीय संस्कृति में विवाह को दो आत्माओं का मिलन माना जाता है। ऐसी कहावत है कि जोड़ियाँ ऊपर से लिखकर आती हैं। लेकिन कुछ लोगों की शादी बहुत प्रयासों के बाद भी नहीं हो पाती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गृहों और नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल ना होने से कई बार शादी में बाधाएँ आती हैं और विलंब होता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, विवाह में बाधा दूर करने के लिए %स्वयंवर पार्वती मंत्र% का जाप करना बेहद लाभकारी माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मंत्र माता पार्वती को ऋषि दुर्वासा से प्राप्त हुआ था। इसी मंत्र से माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त किया था। इसीलिए इस मंत्र को स्वयंवर पार्वती मंत्र कहा जाता है। यह मंत्र स्वयंवर पार्वती स्त्रोत के प्रत्येक श्लोक के पहले अक्षर को जोड़कर बनाया गया है। यह बहुत ही प्रभावशाली मंत्र है, जिसके जाप से विवाह में आ रही सारी बाधाएँ दूर होती हैं।

**ह्रीं योगिनी योगिनी योगेश्वरी योग भयंकरी**
**सकल स्थावर जंगमस्य मुख हृदयं मम वशं**
**आकर्षय आकर्षय नमः।।**

**स्वयंवर पार्वती मंत्र के लाभ**

यदि किसी कन्या या पुरुष के विवाह में बाधा आ रही हो तो उन्हें इस मंत्र का श्रद्धापूर्वक इस मंत्र का जाप करें। इससे आपकी शादी में आ रही बाधाएं दूर होंगी और शीघ्र विवाह के योग बनेंगे।

अगर आपके वैवाहिक जीवन में परेशानियाँ आ रही हों या लड़ाई-झगड़े होते हों तो इस मंत्र के जाप से ये सभी समस्याएं दूर होंगी। इस मंत्र के श्रद्धापूर्वक जाप से आपका दांपत्य जीवन सुखमय बीतेगा।



# प्रभु प्रार्थना आध्यात्मिक औषधि

संसार के सभी धर्मों में एक बात समान है, वह है ईश प्रार्थना। प्रार्थना किसी भी मनुष्य के जीवन के लिए एक बड़ी साधना है। जीवन में हर प्रकार की कठिनाइयां एवं समस्याएं आती हैं। जब हमें किसी दिशा में मार्ग नहीं सूझता तो ईश्वर से सच्ची प्रार्थना करने पर मार्गदर्शन होने लगता है। जब भी कभी किसी विलक्षण समस्या का हल नहीं मिल पाता तो सच्चे मन से प्रार्थना करने पर समाधान प्राप्त होने लगता है। गांधीजी का मानना था कि जैसे शरीर के लिए आहार की परम आवश्यकता होती है, उसी प्रकार ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना, उपासना आत्मा के लिए आवश्यक आहार है। प्रार्थना एवं दैन्य निवेदन से उपासक का अभिमान नष्ट हो जाता है। मन द्रवित होने लगता है, दृष्टि बदल जाती है। जब हृदय की ऐसी भावना हो जाती है, तब ईश्वर प्रार्थी की प्रार्थना को अवश्य सुनता है। संत-महात्माओं का यही कहना है कि सच्ची प्रार्थना वही है, जिसमें हम अपने इष्टदेव के आगे सहज, सरल और अपनी आत्मा से निकले हुए उद्गार प्रकट करते हैं। ईश्वर भक्त प्रार्थना द्वारा भगवान से अपना संबंध जोड़ कर उससे बातें करने लगता है। प्रार्थना का कोई विशेष अवसर, स्थान या



समय निश्चित नहीं है। सुबह से रात तक जीवन के प्रत्येक अवसर, स्थान और काल में प्रभु से प्रार्थना या बातचीत बंद नहीं होती। आज के वैज्ञानिक भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि जब शरीर के साथ यह मन भी निरोग होने का प्रयास करता है, तो हमारे शरीर पर अद्भुत और शीघ्र प्रभाव पड़ता है। जीवन का प्रत्येक क्षण प्रार्थनामय हो तो जीवन से सुख दूर नहीं जा सकता। ईश्वर से प्रार्थना करने में मन की सच्चाई हो तो हमें सारे शत्रु भी अपने दिखाई देने लगते हैं। सब लोग बंधु और मित्र के समान हो जाते हैं। प्रार्थना से उपजी उदार भावना विश्व मैत्री की भावना बन जाती है ।त्याग भावना ־ ऐसा माना जाता है कि रामकृष्ण परमहंस जब प्रार्थना में भावविभोर हो जाते थे तो उनके आंसू छलक उठते थे और ऐसी दशा में कभी मूर्चि्छत हो जाते थे। प्रार्थना में ऐसी शक्ति है कि वह हमारे दोष की वृत्ति को बदल देती है और प्रार्थी को अपने कर्म तथा दोष अधिक अनुभव होने लगते हैं। जिससे अभिमान नहीं होता, इससे यह लगने लगता है कि प्राप्त शरीर, ऐश्वर्य, संतान, पद-प्रतिष्ठा, सुख, विद्या सब उस ईश्वर के दिए हुए हैं। विशेष बात यह है कि जब हम प्रभु प्रदत्त पदार्थों का त्याग भावना से उपयोग करते हैं, तो अभिमान भी नहीं होता, क्योंकि तब हमारे भाव सात्विक हो जाते हैं। प्रार्थना का सबसे बड़ा लाभ है परमात्मा की प्रसन्नता और कृपा। जो कुछ है वह ईश्वर का है और उसी को समर्पित है।

प्रभु की प्रसन्नता ־ गीता में श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि वह जो कुछ करता है, खाता है, हवन करता है, दान देता है, तप करता है सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर दे। जब प्रभु की प्रसन्नता मिल गई तब फिर प्राप्त करने के लिए रह क्या जाता है। ईश्वर की कृपा मिलने से कर्म सफल हो जाते हैं। प्रार्थना जब एकांत भाव और भावपूर्ण हृदय से की जाती है तो सफलता मिलती है। प्रार्थना हृदय से निकली हो तो उसका प्रभाव भी आश्चर्यजनक होता है। सच्चे मन से ईश्वर की प्रार्थना करने वाला भक्त कभी चिंतित, हताश, निराश, दुखी, असमर्थ नहीं होता। उसके व्यवहार से किसी का अहित नहीं होता ।पूर्ण सामर्थ्य से हो प्रयास ־ महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने प्रार्थना के विषय में कहा है कि मनुष्य को अपने पूर्ण पुरुषार्थ के उपरांत प्रार्थना करनी चाहिए अर्थात अपने सभी कर्मों को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से सजग होकर करना चाहिए। जीवन में यदि कोई दुख, रोग या विपरीत परिस्थितियां आती हैं तो मनुष्य का सर्वप्रथम दायित्व बनता है उनको अपने पूर्ण सामर्थ्य से दूर करने का प्रयास करे। उसके पश्चात भी यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो जगत नियंता परमेश्वर को पवित्र मनोभावों से अपनी संपूर्ण स्थिति को समर्पित कर दे। जीवात्मा मनुष्य अल्पज्ञ है और वह परमेश्वर सर्वज्ञ। वह हमारे अंतःकरण एवं आत्मा की प्रतिक्रिया का साक्षी है। इसीलिए उसे अंतर्यामी भी कहा जाता है, जो भी हमारे लिए कल्याणकारी है, वह ईश्वर भली भांति जानता है। अपने मन, बुद्धि, चित्त को विनीत भाव से प्रभु की प्रार्थना में निमग्न कर देने से प्रभु की कृपादृष्टि प्राप्त होती है।

# विश्वेश्वर मंदिर का विध्वंस और निर्माण

**12 ज्योतिलिंगों में से एक काशी विश्वनाथ शिव और पार्वती का आदिस्थान माना जाता है। काशी विश्वनाथ मंदिर को विश्वेर नाम से भी जाना जाता है। विश्वेर शब्द का अर्थ होता है ब्रह्मांड का शासक।**

## मंदिर के निर्माण और ध्वंस की कहानी



इस मंदिर का दोबारा निर्माण 11वीं सदी में **राजा हरीशचंद्र** ने करवाया था। 1194 ईसवीं में मोहम्मद गौरी ने इसे ध्वस्त कर दिया था। परंतु मंदिर का पुन: निर्माण करवाया गया। लेकिन 1447 ईसवी में इसे एक बार फिर जौनपुर के सुल्तान महमूद शाह ने तुड़वा दिया।

## पुराने विश्वनाथ मंदिर को तोड़कर बनी ज्ञानवापी मस्जिद



ब्रिटिश वास्तुकार **जेम्स प्रिंसेप** ने पाया कि परिसर में खड़ी मस्जिद मूल रूप से विश्वेश्वर के मंदिर पर बनाई गई थी जो 1669 में मुगल अत्याचारी औरंगजेब के आदेश के बाद अपने विनाश से पहले अस्तित्व में थी।

## विश्वेश्वर मंदिर की योजना को लिथेग्राफी से नक्शे के जरिए समझाया

नक्शे के अनुसार गर्भगृह में **शिवलिंग (महादेव)** है। उत्तर-दक्षिण रेखीय अक्ष में आगंतुकों के लिए दो छोटे बरामदे (शिव मंडप) को दर्शाया गया। पूर्व-पश्चिम अक्ष में केंद्र में 'द्वारपालों' से घिरे प्रवेश मंडप थे। चार कोनों में तारकेश्वर, मनकेश्वर, भैरों (भैरो) गणेश विराजमान थे।

## मुलायम सरकार के दौरान खड़ी की गई दीवार



गेट नं 4 के पास एक रेलिंग बनी हुई है, जिसे मुलायम सिंह यादव की सरकार ने नवंबर 1993 में बनवाई थी।



## अष्ट मंडप का मैप






शिवलिंग के ठीक सामने नंदी जी बैठे हुए हैं। इन दोनों के बीच का अंतर 83 फीट है। शिवलिंग करीब 4 फीट ऊपर दिखेगा।



# सिर पर रॉड मारकर हुई थी हत्या, फिर फेंका गया था युवक का शव, अज्ञात में हुआ था दाह संस्कार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। गोविंदनगर के दादानगर इंडस्ट्रियल एरिया में मिले युवक की सिर पर रॉड मारकर हत्या की गई थी।

इसके बाद शव को ठिकाने लगाया गया था। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भारी वस्तु प्रहार से हत्या की पुष्टि हुई है।हालांकि थाना प्रभारी देवेंद्र दुबे का कहना है कि युवक के सिर पर गिरने से चोट लगी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर डाक्टर से राय ली जाएगी। 24 जून 2023 को गोविंदनगर के दादानगर एरिया में एक 35 वर्षीय युवक का शव मिला था।शव पर मटमैला कटर का शर्ट और नीला हाफ टीशर्ट मौजूद था। पुलिस ने आस पास के लोगों की मदद से शव के शिनाख्त का प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं हो सकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पास्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को डॉक्टर ने शव का पोस्टमार्टम किया।

**डॉक्टरों से राय लेकर होगी अग्रिम कार्रवाई**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक को मारने के बाद शव को वहां लाकर फेंका गया होगा। वहीं, इंस्पेक्टर गोविंदनगर देवेंद्र दुबे ने बताया कि सिर में चोट के निशान मिले थे, जो गिरने से भी लग सकते हैं। डॉक्टरों से राय लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**700 मीटर की दूरी पर मिले थे दोनों शव**

पुलिस सूत्रों के अनुसार दादानगर में जिस दिन युवक का शव मिला था। उसी दिन घटना स्थल से करीब 700 मीटर दूर फजलगंज स्थित कंटेनर यार्ड की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी एक युवती का शव मिला था। दोनों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक जैसे चोट के निशान मिले थे।

**युवक-युवती में कोई कनेक्शन...तो नहीं**

ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि दोनों शवों का कोई कनेक्शन तो नहीं है। ऐसे में पुलिस दोनों की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया के साथ आस पास के जिलों में भी दोनों के शवों का ब्यौरा भेजा है। वहां दर्ज मुकदमे के आधार पर शिनाख्त कीजा सके। शिनाख्त के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सन्देश सेवा के ज़रिये एक लाख लोगों को बाल स्वास्थ्य और विकास संबंधी प्रमुख व्यावहारिक परिवर्तन के बारे में जानकारी पहुंचाई





**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। यूनिलीवर लाइफबॉय, गावी-द वैक्सीन एलायंस, एवं ग्रुपएम, उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले में प्रोजेक्ट सफल शुरुआत के सफल समापन की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।इसलिए, यूनिलीवर लाइफबॉय और गावी- द वैक्सीन एलायंस द्वारा एक संयुक्त पहल सफल शुरुआत को वर्ष 2018 में आरम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरल और किफायती व्यवहारों जैसे साबुन से नियमित रूप से हाथ धोना और नियमित एवं पूर्ण टीकाकरण अपनाकर 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मौतों के मुख्य कारक जैसे डायरिया और निमोनिया में कमी लाना था। समुदाय में अपने कार्य और गतिविधियों के माध्यम से प्रोजेक्ट सफल शुरुआत सफलतापूर्वक 3.8 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचा है और उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बाल स्वास्थ्य और विकास व्यवहार में सुधार लाने में सफल हुआ है।

इस गति को आगे बढ़ाने के लिए, फरवरी 2021 में, कार्यक्रम ने कानपुर नगर में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग तथा समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) के साथ भागीदारी की। इस प्रमुख साझेदारी के माध्यम से, यह परियोजना स्वास्थ्य विभाग तथा समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) से जुड़ी आशा, आंगनवाड़ी तथा एएनएम कार्यकत्रियों के मौजूदा सामुदायिक ढांचे की ताकत और नेटवर्क का लाभ उठाने में सक्षम रही और अपने कार्यक्रम के ज़रिये कानपुर नगर के लगभग 35000 माता-पिता सफल शुरुआत कार्यक्रम के डिजिटल मॉडल के माध्यम से नि:शुल्क वौइस् कॉल सेवा तथा व्हाट्सप्प सन्देश सेवा के साथ जुड़े। कार्यक्रम आशा, आंगनवाड़ी, एवं एएनएम की भागीदारी के ज़रिये कानपुर नगर में 1 लाख से अधिक लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंचा, जिससे बाल स्वास्थ्य और विकास पर सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली, और चुने गए माता-पिता के ज्ञान, दृष्टिकोण और अच्छी प्रथाओं को अपनाने पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

# महाराजपुर के सनी टोयटा शोरूम में हुई थी 59 लाख की चोरी, पुलिस ने किया राजफाश

## खुलासा करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त ने की एक लाख रुपये इनाम की घोषणा



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। महाराजपुर के टोयटा शोरूम में हुई चोरी प्रतापगढ़ जनपद के शातिर चोरों के अन्तर्राजीय गैंग ने की थी। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना महाराजपुर की पुलिस ने चोरी की वारदात का राजफास कर दिया है। पुलिस ने चोरी करने वाले दोनों शातिरों को दबोचकर उनके पास से चोरी की गई 59 लाख की रकम में से कुल 2832000 नगद व ?1253351 एफडी / जमा से संबंधित अभिलेख बरामद बरामद किये हैं। पकड़े गये शातिर इसके पूर्व में भी कई शोरूमों को निशाना बना चुके हैं और जेल भी जा चुके हैं। दोनों शातिरों से पुलिस पूछताछ करके विधिक कारवाई कर रही है। चोरी की इतनी बड़ी घटना का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है। 59 लाख की हुई थी चोरीघटनाक्रम के मुताबिक 04 जून को ईस्ट जोन के थाना महाराजपुर स्थित सनी टोयटा रुमा में घटित 59 लाख रुपये की हुई चोरी की घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत मु0अ0सं0 183 / 2023 धारा 457/380 भादवि की घटना का खुलासा थाना महाराजपुर की पुलिस टीम ने कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल दोनों अभियुक्तों को 30 जून को घटना मे संलिप्त अभियुक्तगण प्रतापगढ़ के श्यामू उर्फ राजेश मौर्या और रंजीत प्रजापति को ड्योढ़ीघाट रोड पर द गणेश वर्ल्ड स्कूल के आगे प्लाटिंग के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त इस रोड पर हो रही प्लाटिंग में प्लाट खरीदने के लिए आए थे। अभियुक्त रंजीत उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व दोनो अभियुक्तो के कब्जे से उपरोक्त घटना में चोरी की गई धनराशि कुल 2832000 व ?1253351 एफडी / जमा से संबंधित अभिलेख बरामद व ?200000 खाते में जमा करने की मौखिक जानकारी व चोरी में प्रयुक्त पेचकश, प्लास, कटर भी बरामद किये गये।

# द्विवर्षीय अधिवेशन में अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन चेन्नई में संपन्न



कानपुर।अखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन दिनांक 27 व 28 जून को अवाडी चेन्नई में संपन्न हुआ। अधिवेशन में कैडर से संबंधित विभिन्न मुद्दों की चर्चा सहित अगले दो वर्षों (2023-25) के लिए नई कार्यकारणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें आयुध निर्माणी, मेदक (तेलंगाना) को सेंट्रल हेडक्वार्टर के साथ वही कार्यरत एल. जयवर्धन रेड्डी को राष्टीय अध्यक्ष एवं अजय को महासचिव चुना गया। ओ.ई.एफ. कानपुर में कार्यरत कानपुर जोनल काउंसिल के सचिव बिजेंद्र कुमार सिंह को सेंट्रल हेडक्वार्टर में सचिव एवं ओ.ई.एफ. कानपुर में ही कार्यरत कानपुर जोनल काउंसिल के कोषाध्यक्ष संदीप सिंह को नेशनल काउंसिल मेंबर नामित किया गया है। जिस पर हर्ष व्यक्त करते हुए ओईएफ कानपुर किला मजदूर यूनियन के पूर्व महामंत्री समीर बाजपेई ने निर्माणी के नामित दोनों पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करी हैं।

# सपा विधायक ने ट्रैफिक पुलिस ऑफिस पहुंच कर 2000 रुपये का जुर्माना भरा

कानपुर। कानपुर में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने ट्रैफिक पुलिस ऑफिस पहुंच कर 2000 रुपये का चालान भर दिया है। शुक्रवार को जलभराव का विरोध करने के लिए वह अपनी कार की छत पर नाव रखकर निकले थे। जिसके बाद यातायात पुलिस ने उनका ऑनलाइन चालान काट दिया था। विधायक ने चालान जमा करने के साथ नगर निगम और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

उनका कहना है उन्होंने गलती की इसलिए चालान भर दिया। जलभराव में एक व्यक्ति की डूबकर मौत हुई थी, इसलिए नगर निगम भी अपना चालान भरने का काम करे। मृतक के परिवार को 5 लाख मुआवजा दे।आर्यनगर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक ट्रैफिक पुलिस ऑफिस शनिवार दोपहर पहुंचे। उन्होंने एडीसीपी ट्रैफिक से मुलाकात की, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए वह चालान भरने आए हैं। लेकिन जलभराव में जूही अंडरपास में चरण सिंह नाम के व्यक्ति की मौत हुई थी। जिसमें सीधी लापरवाही नगर निगम की थी, इसलिए नगर निगम के द्वारा भी मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाया जाए।

# दुष्कर्म आरोपी को न्यायालय पेश कर भेजा जेल

**बीपीएस न्यूज**



घाटमपुर । साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ बीते दिनों युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाने मे दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था, पुलिस ने खास मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायलय पेशकर जेल भेज दिया ।साढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बीते दिनों साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। बीते दिनों पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ थाने मे दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद से युवक फरार चल रहा था, पुलिस युवक की तलाश मे जुटी थी, शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिली की युवक लालपुर बम्बा के पास होने की जानकारी पता चलते ही साढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला पुलिस फ़ोर्स के साथ पहुंचते ही आरोपी युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की पर पुलिस ने युवक लालपुर गांव निवासी शमशेर पुत्र नफीस को दौड़ाकर पकड़ लिया, जिसके बाद पुलिस ने शमशेर को गिरफ़्तार कर न्यायलय पेशकर जेल भेज दिया है।

# दवा व्यापार मंडल कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ सेवा सम्मान समारोह




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दि दवा व्यापार मंडल एवं फुटकर दवा व्यापार मंडल कानपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेवा सम्मान समारोह का आयोजन लिटिल सेफ सिविल लाइन में दिनांक 02.07 2023 दिन रविवार किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार तिवारी विशिष्ट अतिथि संदेश मौर्या एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा सचान, का अतिथियों का सम्मान किया गया। जिसमें दवा व्यापार मंडल के चेयरमैन संजय मल्होत्रा अध्यक्ष राजेंद्र सैनी महासचिव नंदू ओझा एवं वरिष्ठ पदाधिकारी कानपुर के अलग-अलग क्षेत्र से आए हुए पदाधिकारी लोगों ने भी अतिथियों का सम्मान किया। इसी क्रम में शुक्ला मार्केट रूपचंद मार्केट के अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना उपाध्यक्ष करुणेश मिश्रा महासचिव सुनील श्रीवास्तव संरक्षक प्रमोद दीक्षित एवं संजय शुक्ला ने भी सम्मान किया दवा व्यापार मंडल के आए हुए व्यापारियों ने अतिथियों का सम्मान करते हुए अपने अपने विचार प्रकट किए संदेश मौर्या जी ने भी अपने 5 वर्ष कानपुर में बिताएं व्यापारियों के सहयोग का सम्मान करते हुए बड़े अच्छे विचार प्रकट किए।

# डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में दो जगह लगाया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा डॉक्टर्स डे के अवसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। डॉक्टर्स डे प्रत्येक वर्ष 01 जुलाई को भारत रत्न व पश्चिम बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ बी. सी. राय की स्मृति में मनाया जाता है। सम्पूर्ण चिकित्सक समाज के लिए ये अत्यंत गौरव का दिन होता है। इस अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेंटर कानपुर द्वारा दो स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।

प्रथम शिविर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आईसीएआई ऑफिस लखनपुर कानपुर में किया गया जिसमे चार्टेड अकाउंटेंट इंस्टीट्यूट के सदस्यों एवं उनके परिवार जनों ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया इस रक्तदान शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इसी क्रम में द्वितीय शिविर यूथ अहेड फाउंडेशन के तत्वाधन में बंसल मैथ क्लासेस बिल्डिंग ओ ब्लॉक गीतानगर में किया गया।

इंस्टिट्यूट के छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।इस रक्तदान शिविर में 18 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। द्वितीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य पर 卐मेडिकोलीगल मुद्दों से बचने के लिए सीडीसी (सहमति दस्तावेज़ीकरण संचार) विषय पर वक्ता डॉ. जे.के. गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स मेडिकोलीगल चैप्टर के व्याखान का भी आयोजन आईएमए के सदस्यों के लिए, आईएमए सेमिनार हॉल परेड में किया गया । तृतीय नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों / समाज सेवा में सराहनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों, आई0एम0ए0 भवन के निर्माण हेतु सराहनीय आर्थिक दान देने वाले चिकित्सकों / व्यक्तियों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए प्रतिभावान विद्यार्थियों व शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों आदि को सम्मानित किया गया।

# नगर निगम में लगी तबादलों की झड़ी,16 अधिकारियों हुए तबादले

## नगर आयुक्त की शिकायत के बाद अपर नगर आयुक्त का झांसी, उप नगर आयुक्त भी हटे

कानपुर ।शासन ने शुक्रवार देर रात तबादला की झड़ी लगा दी। नगर निगम एक ही दिन में नगर निगम से दोनों अपर नगर आयुक्त सूर्यकांत त्रिपाठी, रोली गुप्ता और उप नगर आयुक्त मयंक यादव का ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके अलावा छह लेखा परीक्षक, दो आरआई, दो सेनेट्री इंस्पेक्टर समेत 16 से अधिक अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए हैं ।नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन की शिकायत पर शहरी विकास विभाग ने अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता को नगर निगम कानपुर से हटाकर झांसी भेज दिया है। इसके अलावा उप नगर आयुक्त मयंक यादव का भी गैर जनपद तबादला किया गया है। इसके साथ ही लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी सहित कई राजस्व निरीक्षकों का भी तबादला गैर जनपद हुआ है। पिछले सप्ताह नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त गुप्ता ने रोली को हटाने की रिपोर्ट शासन को दी थी। रोली ने पद और कार्य के अनुरूप कार्यों का न तो निपटारा किया था और न ही राजस्व एकत्रीकरण में दिलचस्पी दिखाई। जनहित कार्यों की अनदेखी पर

विभाग की छवि धूमिल होने की बात शिकायती पत्र में की गई थी। नगर निगम में तैनात अपर नगर आयुक्त सूर्यकांत त्रिपाठी को एडीएम फाइनेंस मेरठ पद पर भेजा गया है। उनकी जगह पर बागपत में तैनात प्रतिपाल सिंह को चार्ज दिया गया है। वहीं उप नगर आयुक्त मयंक यादव को मथुरा नगर निगम भेजा गया है। इनकी जगह लखनऊ से अमित कुमार चतुर्वेदी को इस पद पर भेजा गया है। वहीं प्रमोशन पाए कई ज्येष्ठ लेखाधिकारियों को भी कानपुर में तैनाती दी गई है। इनके भी हुए ट्रांसफर इसके अलावा लेखाधिकारी एके सिंह और सहायक लेखाधिकारी राजीव सिंह का तबादला वाराणसी किया गया है। इसके साथ ही प्रमोशन पाने पर अवनीश तिवारी, बालेंद्र प्रताप सिंह, सुरेश चौबे, अमित भार्गव, अमित उपाध्याय, नवीन मिश्र और अभय सिंह को कानपुर में ज्येष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर नवीन तैनाती दी गई है। इसके साथ ही राजस्व विभाग के राधेश्याम को झांसी, अनिल कुमार सिंह को बुलंदशहर भेजा गया है। जोनल सेनेट्री इंस्पेक्टर अरविंद यादव को नगर निगम प्रयागराज भेजा गया है। वहीं लखनऊ से आशीष कुमार बाजपेई, अयोध्या से क्षितिज कुमार मिश्रा, प्रयागराज से राम बाबू को कानपुर नगर निगम सेनेट्री इंस्पेक्टर पद पर तैनाती दी गई है।

# रामादेवी आरओबी की स्लैब टूटी, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रूट डायवर्ट किया

कानपुर। रामादेवी आरओबी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार देर रात आरओबी की स्लैब टूट गई, जिससे नौबस्ता तक लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने यातायात डायवर्ट कराया है। वहीं, एनएचआई के अधिकारियों ने भी मुआयना किया ।उन्होंने किसी ओवरलोड वाहन के रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर जेक लगाने से स्लैब टूटने की आशंका जताई है। बताया कि कल रविवार से 10 मीटर लंबी और 3 मीटर चौड़ी छत की कंकरीट तोड़ने का काम होगा शुरू। यहां टूटने वाला रेलवे का हिस्सा नहीं है ।अधिकारियों ने बताया कि आरओबी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप है। पुल और दीवार के बीच की ब्रेक स्लैब टूटी है। पूरी स्लैब बदली जाएगी। इस कार्य में लगभग एक से डेढ़ महीने का समय लगने की संभावना है। इस बीच नौबस्ता से रामादेवी की ओर बैरिकेडिंग लगाई गई है ।आरओबी का निर्माण 2004 में हुआ था। इससे रोजना 50 से 60 हजार000 से अधिक वाहन गुजरते हैं। इसमें इटावा, दिल्ली, महोबा, झांसी, बांदा, लखनऊ, प्रयागराज आदि रूट से वाहन आते हैं। आरओबी टूटने के बाद 100 मीटर का डायवर्जन दिया गया है।

# जीवन में गुरु का आशीर्वाद विशेष महत्वपूर्ण: कृतिका

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।यूपीएससी की अति महत्वपूर्ण प्रशासनिक परीक्षा में पूरे देश में 66वीं रैंक एवं हिंदी माध्यम से देश में पहली रैंक प्राप्त करने वाली विद्यालय की पूर्व छात्रा बहन कृतिका मिश्रा का सम्मान समारोह बी0 एन0 एस0 डी0 शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज बेनाझाबर में किया गया। अभिनंदन समारोह की मुख्य अतिथि कृतिका मिश्रा ने आदि गुरू शंकराचार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि जीवन में गुरू का अशीर्वाद महत्वपूर्ण है। गुरूजनों के आशीर्वाद से ही हमने चुनौतियों पर सफलता हासिल की है। चुनौतियों, बाधाओं, समस्याओं से हार नहीं माननी चाहिए बल्कि डटकर मुकाबला करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के दिनों की याद ताजा की तथा कहा कि अपने ही विद्यालय में सम्मान पाकर मैं बहुत ही अभिभूत हूँ।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि मानसिक क्षमता और आत्मबल स्थिर और दृढ़ होना चाहिए, बिना विचलित हुए सदा शांत भाव से कर्मरत रहना चाहिए, अगर आप मानसिक रूप से स्थिर हैं तो चुनौतियाँ असफलताएँ कुछ नहीं बिगाड़ सकती हैं। नियमित ध्यान और योग भी सफलता का आधार है।

# कुलपति ने छात्र के उज्जवल भविष्य हेतु दी शुभकामनाएं



कानपुर। सीएसए के एमएससी कृषि प्रसार शिक्षा के अंतिम वर्ष के छात्र राहुल कुमार ने उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सी एल मौर्या ने बताया कि छात्र राहुल मूलत: बदायूं जनपद के निवासी हैं तथा विश्वविद्यालय में स्नातक कृषि में वर्ष 2016 में यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रवेश लिया तथा वर्ष 2020 में स्नातक कृषि से 75त्न अंकों से उत्तीर्ण की। तत्पश्चात वर्ष 2021 में यूपी कैटेट के माध्यम से एमएससी कृषि प्रसार शिक्षा में प्रवेश लिया। अभी छात्र परास्नातक अंतिम वर्ष के छात्र हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि छात्र राहुल के पिता का नाम श्री प्रमोद कुमार है और पेशे से कृषक हैं जबकि मां राम श्रीदेवी एक ग्रहणी हैं। छात्र राहुल ने बताया की कृषि की पुस्तकें पढ़ना उनका शौक है तथा भविष्य में एक शिक्षक के रूप में सेवा देना चाहते हैं। छात्र राहुल की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने छात्र के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।छात्र की सफलता पर विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों में हर्ष की लहर व्याप्त है।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2021-2023, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।